सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

2018-19

के वि वि आयोग
CERC

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी)
तृत्तीय एवं चतुर्थ तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग
36, जनपथ, नई दिल्ली - 110001
दूरभाष : +91 11 23353503 • फेक्स: +91 11 23753923
www.cercind.gov.in

अध्यक्षीय वक्तव्य

वर्ष 2018–19 में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने में बाजार विकास की विवेचनीय चुनौतियों, विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा की ग्रिड समेकन इत्यादि सहित भारत में ऊर्जा क्षेत्र सुधारों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

आयोग ने उत्पादन केन्द्रों और पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों के लिए टैरिफ की निबंधन और शर्तों से संबंधित विनियम जारी किए जो टैरिफ अवधि 2019–24 के लिए लागू है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन रहा है और इसी के साथ–साथ बेहतर कार्य निष्पादन के लिए प्रोत्साहन सहित निवेशकों के लिए लागतों की वसूली सुनिश्चित करना रहा है। प्रचालनगत मानदंडों को निर्धारित करने में स्टेशन हीट दर, अनुषांगिक उपभोग और द्वितीय ईंधन उपभोग से संबंधित उन्नत कार्य निष्पादन के कारण कुशल लाभ की शेयरिंग के लिए प्रावधान किए गए हैं। इक्विटी पर रिटर्न की बेस दर 15.5 प्रतिशत रखी गई है। हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों के संबंध में उपयोगी जीवन 35 वर्षों से बढ़कर 40 वर्ष हो गए। विद्युत कीमत में मूल्य के तत्व में तथा पीक समय के दौरान उत्पादन केन्द्रों की बेहतर उपलब्धता, के उद्देश्य से, क्षमता प्रभारों की वसूली के लिए पीक घंटो और ऑफ पीक घंटे के दौरान विभेदक दर (01.04.2020) से प्रभावी) उपलब्ध करवाई गई है।

पड़ोसी देशों के साथ विद्युत के क्रॉस बार्डर व्यापार को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोग ने विद्युत के क्रॉस बार्डर व्यपार के संबंध में विनियमों को तैयार किया। इन विनियमों के अधीन क्रॉस बार्डर व्यापार की भारत और पड़ोसी देशों के बीच हस्ताक्षरित करारों के समूचे फ्रेमवर्क के अधीन भारतीय इकाइयों और पड़ोसी देशों की इकाइयों के बीच पारस्परिक करारों के माध्यम से अनुमति है। यह ''दो देशों के बीच द्विपक्षीय करारों के माध्यम से'' ''बोली रूट के माध्यम से'' या इकाइयों के बीच पारस्परिक करारों के माध्यम से'' सहित संबंधित देशों में प्रचलित विधियों के प्रावधानों के अनुरूप होगा। इन विनियमों में त्रिपक्षीय करारों के लिए व्यवस्था है जिसमें भारत में विद्युत के क्रॉस बार्डर व्यापार की भारत सरकार तथा सहभागी इकाइयों के संबंधित पड़ोसी देशों के सरकारों के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय करारों के समूचे फ्रेमवर्क के अधीन अनुमति होगी।

डीएसएम कीमत वैक्टर के लिए संदर्भ फ्रिक्वेंसी बैण्ड (अर्थात 49.85 हर्टज से 50.05 हर्टज तक) पुनरीक्षण के अतिरिक्त पावर एक्सचेंज के डेअहेड मार्केट क्षेत्र में पता लगाई गई दैनिक औसत एरिया क्लियरिंग कीमत में विचलन व्यवस्थापन तंत्र प्राइज वैक्टर (50 हर्टस पर प्राइस) से संबद्ध ग्रिड सुरक्षा और ग्रिड नियंत्रण के रखरखाव आयोग का उद्देश्य रहा। मानदण्डों को परिवर्तित मानदण्ड के हस्ताक्षर के उल्लंघन के लिए वाणिज्यिक दण्ड, ग्रिड अनुशासन के लिए महत्वपूर्ण उपाय के रूप में मानदण्ड आरंभ किए गए हैं।

राष्ट्रीय विद्युत नीति में पारेषण एवं वितरण दोंनों में गैर भेदभावपूर्ण निर्बाध पहुंच के लिए फ्रेमवर्क को सरल बनाने की आवश्यकता पर विचार किया गया। गैर भेदभावपूर्ण निर्बाध पहुंच के लिए फ्रेमवर्क के विकास के लिए विवेचनीय कदम के रूप में आयोग ने राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री के प्रचालन और डिजाइन की आवश्यकता का पता लगाया जो सभी स्टेकहोल्डरों के लिए समन्वित आईटी आधारित प्रणाली होगी। उसके अनुरूप आयोग ने राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री के लिए विनियामक फ्रेमवर्क का ब्योरा देते हुए निर्बाध पहुंच विनियम में संशोधनों को अधिसूचित किया।

2022 तक 175 जीडब्ल्यू को छूने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के प्रत्याशित वृद्धि के संदर्भ में परवर्ती नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के समेकन का महत्व होगा। नवीकरणीय ऊर्जा के विकास को सरल बनाने के उद्देश्य से कई विनियामक पहल कई वर्षों से की गई है। मामले में सतत विचार विमर्श के भाग के रूप में विचार विमर्श पेपर की श्रृंखला विभिन्न संबद्ध पहलुओं पर प्रकाशित की गई हैं जिस पर अन्य बातों के साथ–साथ वास्तविक समय बाजार, अनुषंगी सेवा प्रचालन के लिए संशोधित फ्रेमवर्क, बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण इत्यादि शामिल है।

वास्तविक समय बाजार से संबंधित विचार विमर्श पेपर में एकसमान कीमत डिस्कवरी के लिए डबल साइड क्लोज्ड बोली के साथ रियल घण्टे के रूप में वास्तविक समय बाजार का प्रस्ताव किया गया। इस पेपर में घण्टे बाजार के अनुरूप टाइम लाइन से गेट बंद करने की अवधारण प्रस्तावित है। प्रस्तावित फ्रेमवर्क में घण्टे के वास्तविक समय बाजार में प्रत्येक 15 मिनट के टाइमब्लाक के लिए बोली की खरीद बिक्री के विकल्प के लिए क्रेता/विक्रेता के लिए व्यवस्था है। दीर्घकालिक कांट्रेक्ट वाले उत्पादक और इस बाजार में सहभागिता करने वाले उत्पादक से टैरिफ नीति 2016 के अनुबंध के अनुसार 50:50 के अनुपात में डिस्काउण्ट के साथ निवल लाभ (ऊर्जा प्रभार के लिए लेखांकन के बाद) को शेयर करना अपेक्षित होगा।

अनुषंगी सेवाएं विद्युत प्रणाली प्रचालन के अनिवार्य संघटक हैं जो विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता में वृद्धि और सुधार के लिए अपेक्षित है। आयोग ने 2015 में विनियमों को अधिसूचित करते हुए भारत में सहायक सेवा तंत्र की शुरूआत की। इन विनियमों का उद्देश्य वांछित स्तर पर फ्रिक्वेंसी को बहाल करना था और पारेषण नेटवर्क में संकुलता को मुक्त करना था। फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन पर प्राप्त अनुभवों के आधार पर ''भारत में सहायक सेवा तंत्र को रिडिजाइन करना'' से संबंधित विचारविमर्श पेपर विचार के लिए तैयार किया गया। इस पेपर में विनिर्दिष्ट मानदण्डों की पूर्ति के लिए उनकी क्षमता के आधार पर सहभागी को विभिन्न उत्पादकों को अनुमति देते हुए बाजार आधारित अनुषंगी सेवाओं का सुझाव दिया गया।

आयोग ने बाजार डिजाइन में सुधारों के अनुसार आगे कार्यवाही की आवश्यकता महसूस की जिसमें उत्पादन क्षमताओं के आर्थिक प्रेषण और अनुसूचीकरण के बेहतर उपयोग की व्यवस्था है। इस पृष्ठभूमि में बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण से संबंधित एक विचार विमर्श पेपर प्रस्तावित है जिसमें तकनीकी दबावों के अध्याधीन आर्थिक सिद्धांतों पर पूर्णतः सभी उत्पादन का प्रेषण एवं अनुसूचीकरण के डेअहेड पर विद्युत बाजार की कार्यकलापों पर विचार विमर्श की व्यवस्था है।

आयोग ने विनियामक फोरम (एफओआर), भारतीय विनियामक फोरम (एफओआईआर) तथा दक्षिण एशिया अवसंरचनात्मक विनियामक फोरम (साफिर) की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जो इन संस्थाओं को सचिवीय सेवाएं प्रदान करते हुए संसाधन उपलब्ध करवाता है।

विनियामक फोरम अध्यक्ष केविविआ की अध्यक्षता के अधीन विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन निगमित निकाय है। एसईआरसी/जेईआरसी के अध्यक्ष एफओआर के सदस्य हैं। वर्ष के दौरान नियमित अंतरालों पर फोरम की बैठके आयोजित की गई और कई विवेचनीय विषयों पर सहमति विकसित की गई। फोरम ने ''उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की उपभोक्ताओं की ऊर्जा गुणवत्ता'' ''भारतीय भार प्रेषण केन्द्रों की क्षमता निर्माण'' और पूर्वोत्तर क्षेत्र पर रिपोर्ट'' से संबंधित अध्ययन भी किए गए हैं।

आयोग अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन में सभी स्टेकहोल्डरों से उनके सतत सहयोग की कामना करता है।

पी.के. पुजारी

विषय सूची

1.	आयोग	11
2.	मिशन विवरण	15
3.	आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का विवरण	19
4.	पूर्व वर्ष : एक अवलोकन	25
5.	विनियामक क्रियाविधियां और प्रक्रिया	33
6.	वर्ष 2018–19 के दौरान गतिविधियां	37
7.	उपभोक्ताओं के लाभ तथा क्षेत्र के विकास के लिए विनियामक प्रक्रियाओं का निष्कर्ष	67
8.	वर्ष 2018–19 के दौरान जारी अधिसूचनाएं	71
9.	वर्ष 2019–20 के लिए कार्यसूची	75
10.	खातों की वार्षिक विवरणी	79
11.	आयोग का मानव संसाधन	83
	अनुबंध	87

संक्षेप अक्षरों की सूची

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप
एबीटी	उपलब्धता आधारित टैरिफ
एडीएमएस	स्वचालित मांग प्रबंधन योजना
एईआरए	एयरपोर्ट आर्थिक विनियामक अधिकरण
एपीपीसी	औसत पूल क्रय लागत
एपीटीईएल/एटीई	विद्युत का अपीलीय न्यायाधीकरण
एयूएफआर	फ्रीक्वेंसी रिले
बीईई	ऊर्जा कुशलता ब्यूरों
बीपीटीए	बल्क विद्युत पारेषण करार
बीयू	बिलियन यूनिट
सीएसी	केन्द्रीय परामर्शदात्री समिति
सीसीजीटी	समन्वित साईकिल गैस टर्बाइन
सीसीआई	भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग
सीईआरसी	केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग
सीजीपी	केप्टिव उत्पादन संयंत्र
सीआईएल	कोयला इंडिया लि.
सीओडी	वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख
सीपीआरआई	केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान
सीपीएसयू	केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम
सीटीयू	केन्द्रीय पारेषण कंपनी
डीएएम	डे अहेड मार्केट
डस्किॉम	वितरण कंपनी
डिस्कॉम	दामोदर घाटी निगम
ईए	विद्युत अधिनियम
ईआर	पूर्वी क्षेत्र
ईआरसी	विद्युत विनियामक आयोग
ईआरएलडीसी	पूर्वी क्षेत्र भार प्रेषण केन्द्र
ईआरपीसी	पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति
एफजीएमओ	फ्री गवर्नर मोड प्रचालन
एफआई	वित्तीय संस्था
एफओआईआर	भारतीय विनियामक फोरम
एफओआर	विनियामक फोरम

एफएसए	ईंधन आपूर्ति करार
जीसीवी	सकल क्लोरिफिक मूल्य
जीएफए	सकल नियत आस्तियां
जीआईएस	भौगोलिक सूचना प्रणाली
जीओआई	भारत सरकार
जीपीएस	गैस विद्युत केन्द्र
जीएसईएस	ग्रिड सुरक्षा विशेषज्ञ प्रणाली
जीडब्ल्यू	गीगा वाट
एचईपी	हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना
एचपीएस	हाइड्रो विद्युत केन्द्र
आईसी	स्थापित क्षमता
आईडीसी	निर्माण के दौरान हित
आईईजीसी	भारतीय विद्युत ग्रिड कोड
आईईएक्स	भारतीय ऊर्जा विनिमय
आईपीपी	स्वतंत्र क्रय उत्पादक
आईएसजीएस	अंतर–राज्यिक उत्पादन प्रणाली
आईएसटीएस	अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली
जेईआरसी	संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
जेएनएनएसएम	जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय सौर मिशन
जेवी	संयुक्त उद्यम
केवी	किलो वॉल्ट
केडब्ल्यू	किलोवाट
केडब्ल्यूएच	किलावोट घंटा
लीलो	लूप इन लूप आउट
एलटीए	दीर्घकालिक पहुंच
एमएटी	न्यूनतम वैकल्पिक कर
एमएमसी	बाजार मानिटरिंग कक्ष
एमएनआरई	नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
एमओपी	विद्युत मंत्रालय
एमटीओए	मध्यकालिक निर्बाध पहुंच
एमयू	मिलियन यूनिट
एमडब्ल्यू	मेगावाट
एमवाईटी	बहुवर्ष टैरिफ

एनडीसी	राष्ट्रीय विकास परिषद
नीपको	उत्तर–पूर्वी विद्युत ऊर्जा कंपनी
एनईआर	उत्तर–पूर्वी क्षेत्र
एनईआरएलडीसी	उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र
एनईआरपीसी	उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत समिति
एनएचपीसी	राष्ट्रीय हाईड्रो इलेक्ट्रिक ऊर्जा निगम
एनएलसी	नेवेली लिग्नाईट कार्पोरेशन
एनएलडीसी	राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र
एनपीसी	राष्ट्रीय विद्युत समिति
एनआर	उत्तर क्षेत्र
एनआरएलडीसी	उत्तर क्षेत्र भार प्रेषण केन्द्र
एनआरपीसी	उत्तर क्षेत्र विद्युत समिति
एनटीपीसी	राष्ट्रीय थर्मल पावर कार्पोरेशन
ओएंडएम	प्रचालन तथा रखरखाव
ओसीसी	प्रचालन समन्वय समिति
ओसीजीटी	निर्बाध चक्र गैस टर्बाइन
ओटीसी	ओवर दि काउंटर
पीएएफ	संयंत्र उपलब्धता घटक
पीजीसीआईएल	पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लि
पीएलएफ	संयंत्र भार घटक
पीएमयू	फेजर परिमापन यूनिट
पीएनजीआरबी	पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड
पीओसी	प्वाइंट ऑफ कनैक्शन
पोसोको	विद्युत प्रणाली प्रचालन निगम लि.
पीपीए	विद्युत क्रय करार
पीएसडीएफ	विद्युत प्रणाली विकास निधि
पीएक्सआईएल	भारतीय विद्युत विनिमय लि.
आरई	नवीकरणीय ऊर्जा
आरईए	क्षेत्रीय ऊर्जा लेखा
आरईसी	नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र
आरएफपी	प्रस्ताव के लिए अनुरोध
आरजीएमओ	नियंत्रित गवर्नर मोड प्रचालन
आरएलडीसी	क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र

आरएलएनजी	पुनर्गैसकृत लिक्वीफाईट प्राकृत गैस
आरओसीई	नियोजित पूंजी पर रिटर्न
आरओई	इक्विटी पर रिटर्न
आरओआर	रन ऑफ दी रिवर
आरपीसी	क्षेत्रीय विद्युत समिति
आरपीओ	नवीकरणीय क्रय बाध्यता
आरआरआई	विनियामक अनुसंधान संस्थान
साफिर	दक्षिण एशिया अवसरंचना विनियम फोरम
स्काडा	पर्यवेक्षण नियंत्रण एवं डाटा अधिग्रहण
एससीओडी	वाणिज्यिक प्रचालन की अनुसूचित तारीख
एसईआरसी	राज्य विद्युत विनियामक आयोग
एसईजैड	विशेष आर्थिक क्षेत्र
एसएचआर	स्टेशन हीट दर
एसजेवीएनएल	सतलज जल विद्युत निगम लि.
एसएलडीसी	राज्य भार प्रेषण केन्द्र
एसआर	दक्षिणी क्षेत्र
एसआरएलडीसी	पूर्वी क्षेत्र भार प्रेषण केन्द्र
एसआरपीसी	दक्षिण क्षेत्रीय विद्युत समिति
एसएसयू	राज्य क्षेत्र कंपनियां
एसटीओए	अल्पकालिक निर्बाध पहुंच
एसटीपीएस	सुपर थर्मल पावर स्टेशन
एसटीयू	राज्य पारेषण कंपनी
टीएएम	टर्म एहेड बाजार
टीएएमपी	बड़े पत्तनों की ट्रेफिक अधिकरण
टीएचडीसी	टिहरी हाइड्रो विकास निगम
टीपीएस	थर्मल विद्युत केन्द्र
टीएसए	पारेषण सेवा करार

I
आयोग

1. आयोग

विद्युत क्षेत्र के लिए स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना 1990 के दशक के प्रारंभ में उस समय की गई थी, जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री, श्री शरद पवार की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने "सार्वजनिक और निजी प्रतिष्ठानों की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यावसायिक टैरिफ बोर्डों का गठन" करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि "टैरिफ बोर्डों से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफो को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यावसायिकता आ सकेगी।"

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में, अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत के लिए सामान्य न्यूनतम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए, यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इनको एक निश्चित समय के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विनियामक आयोग को बनाने की बात को समझा गया।

इस प्रकार, केंद्र तथा राज्यों में विनियामक आयोगों को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को अलग रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में विद्युत टैरिफ तर्कसंगतता आदि के बारे में, पारदर्शी नीतियों के सुव्यवस्थीकरण के लिए केंद्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन केंद्रीय सरकार ने जुलाई 1998 में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (के.वि.वि.आ.) का गठन किया। चूंकि, अब विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 को विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के उपबंधों के अधीन सृजित सीईआरसी को विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के रूप में मान्यता दी गई है।

आयोग अर्ध–न्यायिक हैसियत में कार्य करता है। इसे सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त है। इसमें एक अध्यक्ष, तीन पूर्णकालिक सदस्य और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (कें.वि.प्रा.) के अध्यक्ष, पदेन सदस्य के रूप में शामिल है। स्वतंत्र विनियमन से संबंधित मुद्दों पर विचार करते समय, एक बहुविषयक दृष्टिकोण की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, अधिनियम यह विहित करता है कि अध्यक्ष और सदस्य ऐसे व्यक्ति होंगे, जिन्हें इंजीनियरी, विधि, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, वित्त अथवा प्रबंधन में पर्याप्त ज्ञान और अनुभव प्राप्त हो। यह आयोग में निरूपित की जाने वाली विभिन्न विद्याओं के एक व्यापक स्वरूप को भी निर्धारित करता है। अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति अधिनियम में यथा विहित केंद्रीय सरकार द्वारा गठित चयन समिति की सिफारिश पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। अधिनियम एक सचिव की नियुक्ति के लिए भी उपबंध करता है, जो अध्यक्ष के नियंत्रणाधीन कार्य करता है और जिसकी शक्तियां और कर्तव्य आयोग द्वारा परिभाषित किए जाते हैं।

अधिदेश

जैसाकि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) द्वारा दायित्व सौपा गया है, आयोग निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करने के लिए उत्तरदायी है :–

(क) केंद्रीय सरकार के स्वामित्व अथवा उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कंपनियों के टैरिफ का विनियमन करना;

(ख) खंड (क) में विनिर्दिष्ट केंद्रीय सरकार के स्वामित्व वाली या उसके द्वारा नियंत्रित उत्पादन कंपनियों से भिन्न उत्पादन कंपनियों के टैरिफ का विनियमन करना यदि ऐसी उत्पादन कंपनियां एक राज्य से अधिक राज्यों में विद्युत के उत्पादन और विक्रय के लिए संयुक्त स्कीम में शामिल होती हैं या अन्यथा उनकी ऐसी कोई संयुक्त स्कीम है;

(ग) विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण को विनियमित करना;

(घ) विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण के लिए टैरिफ अवधारित करना;

(ङ) किन्हीं व्यक्तियों को पारेषण अनुज्ञप्तिधारी और उनकी अंतर–राज्यिक संक्रियाओं की बाबत विद्युत व्यापारी के रूप में कृत्य करने के लिए अनुज्ञप्ति जारी करना;

(च) उपर्युक्त खंड (क) से खंड (घ) तक से संसक्त विषयों के संबंध में उत्पादन कंपनियों या पारेषण अनुज्ञप्तिधारी को अंतर्वलित करने वाले विवादों का न्यायनिर्णयन करना तथा मध्यस्थता के लिए किसी विवाद को निर्दिष्ट करना;

(छ) अधिनियम के प्रयोजनों के लिए फीस उदगृहीत करना;

(ज) ग्रिड मानकों को ध्यान में रखते हुए, ग्रिड कोड विनिर्दिष्ट करना;

(झ) अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा सेवा की गुणवत्ता, निरंतरता और विश्वसनीयता की बाबत मानकों को विनिर्दिष्ट और प्रवृत्त करना;

(ञ) विद्युत के अंतर–राज्यिक व्यापार में, यदि आवश्यक समझा जाए, व्यापार अंतर को नियत करना;

(ट) ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करना जो अधिनियम के अधीन समनुदेशित किए जाएं।

केंद्रीय सरकार को केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(2) के अंतर्गत निम्नलिखित विषयों पर सलाह देना

(क) राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति बनाना;

(ख) विद्युत उद्योग के क्रियाकलाप में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और मितव्ययता का संवर्धन करना;

(ग) विद्युत उद्योग में विनिधान का संवर्धन; और

(घ) केंद्रीय सरकार द्वारा केंद्रीय आयोग को निर्दिष्ट कोई अन्य विषय।

2
मिशन विवरण

2. मिशन विवरण

आयोग की थोक विद्युत बाजारों में प्रतिस्पर्धा, कार्यकुशलता और मितव्ययता को बढावा देने, सप्लाई की गुणवत्ता में सुधार करने, मांग आपूर्ति के अंतर, जिससे ग्राहकों के हितों का सम्पोषण हो, को पाटने के लिए संस्थागत बाधाओं को दूर करने के संबंध में सरकार को सलाह देने की योजना है। इन उद्देश्यों के अनुसरण में, आयोग का उद्देश्य :–

क. भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता (आईईजीसी), उपलब्धता आधारित टैरिफ (एबीटी) के माध्यम से क्षेत्रीय पारेषण प्रणालियों के प्रचालन और प्रबंधन में सुधार करना।

ख. एक कारगर टैरिफ अवधारण तंत्र तैयार करना जिससे थोक विद्युत और पारेषण सेवाओं की कीमत के संबंध में मितव्ययता और कार्यकुशलता और न्यूनतम लागत पर निवेश सुनिश्चित होगा।

ग. अंतर–राज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच को सुकर बनाना।

घ. अंतर–राज्यिक व्यापार को सुकर बनाना।

ङ विद्युत बाजार के विकास को प्रोत्साहन देना।

च. सभी पणधारियों के लिए जानकारी देने में सुधार लाना।

छ. थोक ऊर्जा तथा पारेषण सेवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक बाजार के विकास के लिए अपेक्षित तकनीकी तथा संस्थानिक परिवर्तनों को सुकर बनाना।

ज. प्रतिस्पर्धात्मक बाजारों के सृजन के प्रथम उपाय के रूप में, पर्यावरणीय, सुरक्षा तथा विद्यमान विधायी अपेक्षाओं की सीमा के भीतर पूंजी तथा प्रबंधन के लिए प्रवेश तथा निकासी की बाधाओं के संबंध में सलाह देना।

मार्गदर्शक सिद्धान्त

मिशन विवरण और इसके उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए आयोग का मार्गदर्शन निम्नलिखित सिद्धांतों द्वारा किया जाता है:

क. सभी पणधारियों (स्टेक होल्डरों) के प्रति पारदर्शी और निष्पक्ष रहते हुए उपभोक्ता और आपूर्तिकर्ताओं के हितों सहित समाज के हित का संरक्षण।

ख. पक्षकारों को सुने जाने के पर्याप्त और समान अवसर दिए जाने के पश्चात् याचिकाओं के माध्यम से इसके समक्ष लाए गए विवाद समाधान में निष्पक्ष रहना।

ग. एक ओर विचारों में संगत रहते हुए, विनियामक निश्चितता बनाए रखना और दूसरी ओर उभरते हुए विद्युत क्षेत्र में खुले मन से परिवर्तनों को अंगीकार करना।

घ. यह सुनिश्चित करने के लिए अपने विनियम बनाने में पणधारी परामर्श और भागीदारी प्रक्रिया अपनाना जिससे कि विनियम यथासंभव पणधारियों की आशाओं के अनुरूप हों।

ङ विनियामक और बाजार आधारित तंत्र का प्रयोग करते हुए विद्युत क्षेत्र में स्रोतों का अनुकूल आबंटन सुनिश्चित करना।

च. विद्युत उत्पादन में नवीकरणीय स्रोतों के संवर्धन द्वारा कायम रखने योग्य विकास को प्रोत्साहित करना।

3

अध्यक्ष एवं सदस्यों का संक्षिप्त विवरण

श्री पी.के. पुजारी
अध्यक्ष
(1 फरवरी 2018 – कार्यरत)

दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, श्री पी.के. पुजारी ने वर्ष 1981 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारत की सर्वोच्च सिविल सेवा में कार्यभार ग्रहण किया और उन्हें गुजरात केडर आबंटित किया गया। अपने कैरियर के दौरान, उन्हे गुजरात में विभिन्न विभागों/मंत्रालयों और साथ ही केंद्र सरकार में बिजली, वाणिज्यिक कर, वित्त और उद्योगों का कार्य सौंपा गया। वे अपने 36 वर्षों की सेवा के बाद, वर्ष 2017 में अपनी अधिवार्षिकी से पूर्व दो वर्षों के लिए विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के सचिव पद पर रहे।

वित्त और उद्योगों के क्षेत्र में कुछ मुख्य कार्य (i) वित्तीय संसाधन पूर्वानुमान, व्यय योजना, वार्षिक बजट तैयार करना, ऋण एवं गारंटी प्रबंधन; (ii) बिक्री कर से मूल्य संवर्द्धन कर (वैट) में संक्रमण, प्रक्रियाओं का सरलीकरण करते हुए वाणिज्यिक करों का नियंत्रण और इसे सक्षम बनाना एवं; (iii) औद्योगिक संपदाओं एवं विशेष आर्थिक क्षेत्रों की स्थापना और मार्केटिंग शामिल है।

उन्होंने निदेशक एवं सचिव के रूप में 7 वर्षों से अधिक अवधि के लिए विद्युत क्षेत्र में कार्य किया। निदेशक के रूप में वह उत्पादन एवं वितरण में निजी विद्युत कंपनियों की सहभागिता के लिए नीतिगत फ्रेमवर्क के विकास में शामिल रहे। सचिव के रूप में अपनी अवधि के दौरान (2015–17), अधिकतम उत्पादन क्षमता तथा अंतर–राज्यिक पारेषण क्षमता को देश में जोड़ा गया जिसे एक राष्ट्र – एक ग्रिड – एक कीमत में परिणत किया गया।

सचिव के रूप में, उन्होंने कई दूरगामी पहल और नीतिगत परिवर्तनों में सहभागिता की। इनमें शेष 18,452 सभी गांवों का विद्युतीकरण (1.4.2015) की स्थिति के अनुसार, डिस्कॉम के सतत प्रचालन और वित्तीय टर्नअराउण्ड के लिए 'उदय' का शुभारंभ, संशोधित टैरिफ नीति 2016, विद्युत संयंत्रों के लिए नई कोयला संबद्ध नीति, संशोधित राष्ट्रीय विद्युत योजना XIX विद्युत ऊर्जा सर्वेक्षण, यूएमपीपी के लिए संशोधित बोली दस्तावेज सीजी केन्द्रों से राज्यों के लिए संशोधित विद्युत आबंटन फार्मूला, नई हाइड्रो विद्युत नीति को तैयार करना, 2019 तक वैश्विक घरेलू विद्युतीकरण के लिए नई नीति को तैयार करना, ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा के समेकन के लिए नीतिगत मार्ग निर्देश, कैप्टिव उत्पादकों के लिए संशोधित नियमावली, टैरिफ संरचना और टैरिफ श्रेणियों की तर्कसंगतता के लिए रिपोर्ट को अंतिम रूप देना शामिल है।

अपने कार्यकाल के दौरान पड़ोसी देशों के साथ विद्युत के क्रॉस बोर्डर व्यापार के लिए मार्गनिर्देशों को अंतिम रूप दिया गया। क्रॉस बोर्डर पारेषण लाइनों में पर्याप्त वृद्धि की गई। इससे भूटान, नेपाल और बांग्लादेश के साथ विद्युत के व्यापार में वृद्धि संभव हुई। पहली बार म्यांमार के साथ विद्युत व्यापार आरंभ हुआ। श्रीलंका के

साथ सबमैरिन केबल कनेक्शन के लिए वार्ता आरंभ हुई। उन्होंने इन देशों के साथ विद्युत व्यापार पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया।

वे माराकेश में सीओपी 22 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सौर एलायंस फ्रेमवर्क करार पर हस्ताक्षर करने से निकटता से संबद्ध रहे। उन्होंने दूसरे ब्रिक्स ऊर्जा मंत्री सम्मेलन के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का और बीजिंग में 8वें क्लीन ऊर्जा मंत्री (सीईएम) सम्मेलन का नेतृत्व किया।

पुस्तकें पढ़ना, खेलकूद और संगीत सुनना उनकी रूचियों में शामिल है।

श्री एम. के. अय्यर
सदस्य
(10 अगस्त 2015 – कार्यरत)

10 अगस्त, 2015 को सदस्य के रूप में केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व डॉ0 एम. के. अय्यर ने 5 वर्षों की अवधि के लिए गुजरात विद्युत विनियामक आयोग के सदस्य (वित्त) के रूप में कार्य किया और गुजरात विद्युत विनियामक आयोग ने कई विनियामक मुद्दों को सफलता से संचालित किया। गुजरात विद्युत विनियामक आयोग ने कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों में बहुवर्ष टैरिफ विनियम, सौर, पवन एवं बायोमास के नवीकरणीय टैरिफ आदेश, निर्बाध पहुंच विनियम और इसका प्रर्वतन, टैरिफ की तर्कसंगतता, ईंधन विद्युत क्रय समायोजन फार्मूला के माध्यम से विद्युत खरीद को पासथ्रू करना और अन्य विनियामक मुद्दों का स्कोर तैयार करना ताकि उपभोक्ता हित और कम्पनी हित के बीच संतुलन सुनिश्चित किया जा सके। अगस्त 2010 गुजरात विद्युत विनियामक आयोग में कार्यभार ग्रहण करने के समय से बड़ी संख्या में आदेश जारी किए गए जिसका गुजरात में विद्युत क्षेत्र की सुचारू कार्यप्रणाली में प्रभाव रहा है।

डॉ0 एम. के. अय्यर भौतिकी में स्नातक हैं। एमबीए (वित्त) और प्रबंधन में पी.एच.डी. हैं और स्टेक होल्डरों के लिए समुचित महत्व पैदा करने के लिए रणनीतिक इनपुट में योगदान का सुदृढ़ रिकॉर्ड है। उन्होंने वित्त, मानव संसाधन और आई.टी. जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 31 वर्ष के लिए राज्य कम्पनी को सहयोग किया है और समूचे संस्थागत नक्शों को सहायता प्रदान की है। उन्होंने विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में अपनी सक्षमताएं प्रदर्शित की हैं जिनमें निगमित योजना, नीति विकास, सुधार और पुनसंरचना, वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन, एच.आर. एवं औद्योगिक संबंध, प्रशिक्षण, आई.टी. पहल, वाणिज्यिक और विनियामक मामले शामिल हैं। उन्होंने सुधार परियोजना प्रबंधन समूह के सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है और पूर्व गुजरात विद्युत बोर्ड के गतिविधियों के 'वित्तीय पुनसंरचनात्मक योजना' में प्रभावी रूप से सहभागिता की है।

उनमें विश्लेषणात्मक, प्रशासनिक, कठिनता को दूर करने की कुशलताएं, कुशल टीम लीडर, प्रशिक्षक और प्रेरक की विशेषताएं हैं ताकि परिचालनगत उत्पादकता, श्रेष्ठ सम्प्रेषण, योग्यताओं को बढ़ाने के लिए कार्यात्मक टीमों के प्रयासों के समन्वित करने की योग्यता है।

गुजरात आयोग में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे गुजरात ऊर्जा पारेषण कारपोरेशन लिमिटेड, वडोदरा, में वरिष्ठ मुख्य महाप्रबंधक (एफ एण्ड ए) के रूप में कार्य कर रहे थे। पूर्व गुजरात विद्युत बोर्ड/अनबंडल्ड जीबी में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने वरिष्ठ प्रमुख महाप्रबंधक (एफ एण्ड ए) आई.टी./एच.आर. तथा सीआईओ गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, महाप्रबंधक (लेखा), महाप्रबंधक (एचआर), मुख्य वित्त प्रबंधक (बजट एवं योजना), मुख्य वित्त प्रबंधक (परियोजना एवं योजना/स्टोर क्रय) इत्यादि के रूप में कार्य किया और पूर्व गुजरात विद्युत बोर्ड के सुधार/पुनर्संरचना को सफलतापूर्वक संचालित किया तथा आई.टी. पहल को कार्यान्वित किया एवं अंतिम से अंतिम ईआरपी कार्यान्वयन को सभी अनबंडल्ड 7 कम्पनियों में कार्यान्वित किया।

श्री आई. एस. झा
सदस्य
(21 जनवरी, 2019 – कार्यरत)

श्री आई. एस. झा, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग में जनवरी, 2019 से सदस्य हैं। अपने मौजूदा कार्य से पूर्व, उन्होंने वर्ष 2015 से पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि., राज्य–चलित पारेषण प्रयोज्यता, के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य किया।

वे एनआईटी, जमशेदपुर से इलेक्ट्रीकल अभियंता, विद्युत क्षेत्र के सभी पक्षों, जैसे कि, उत्पादन, पारेषण, प्रणाली परिचालन, वितरण सहित ग्राहकों से संयोजकता तथा विनियामक पहलुओं में 38 वर्षों से अधिक का प्रचुर तथा विविध कार्य अनुभव रखने वाले विद्युत क्षेत्र के एक सुविख्यात व्यावसायिक हैं। उन्होंने वर्ष 1981 में एनटीपीसी में अपना व्यावसायिक जीवन आरंभ किया तथा वर्ष 1991 में पावरग्रिड में कार्यभार संभाला। तदुपरांत, उन्होंने जनवरी, 2019 में केविविआ में सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला। एनटीपीसी तथा पावरग्रिड में अपने कार्यकाल के दौरान, वे राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के अवधारणीकरण, योजना, डिजाइन, अभियांत्रिकी, मॉनिटरिंग तथा कार्यान्वयन से जुड़े रहे।

उन्होंने देश में नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों के साथ समेकित सुदृढ़ राष्ट्रीय ग्रिड के विकास का आरंभ किया। पारेषण क्षेत्र में व्यापक अनुभव के साथ, श्री झा ने राष्ट्रीय ग्रिड के अवधारणीकरण तथा कार्यान्वयन, पड़ोसी देशों के साथ क्रॉस–बार्डर अंतःसंबंधों, नवीकरणीय ऊर्जा के समेकन के लिए हरित ऊर्जा कॉरिडोर, लंबी दूरी के मल्टी–टर्मिनल एचवीडीसी पारेषण प्रणाली 1200 किलोवाट यूएचवीएसी प्रणाली इत्यादि की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया।

वे तकनीक क्षमता एवं जनकेन्द्रित नेतृत्व के लिए सुविख्यात हैं। वे बड़ी इलैक्ट्रिक प्रणाली से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय परिषद् (सीआईजीआरई) – भारत के अध्यक्ष हैं, शीर्ष गवर्निंग बॉडी अर्थात् सीआईजीआरई – पेरिस और अन्य व्यवसायिक निकायों की संचालन समिति के सदस्य हैं। उनके विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय जर्नल/सम्मेलनों में विद्युत प्रणाली के क्षेत्र में 50 से अधिक तकनीकी पेपर, बड़ी मात्रा में लेख प्रकाशित/प्रस्तुत किए गए। वे "रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी" तथा "स्मार्ट ग्रिड फंडामेंटल एंड एप्लीकेशंस" नामक दो पुस्तकों में सहयोगी लेखक रहे हैं। श्री झा विद्युत प्रणाली के क्षेत्र में तकनीकी नवोन्मेषों के लिए पेटेंट्स हेतु भी प्रयासरत हैं।

4
पूर्व वर्ष
एक अवलोकन

4. पूर्व वर्ष एक अवलोकन

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए विद्युत क्षेत्र में सुधार को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं।

आयोग ने दिनांक 7 मार्च, 2019 की अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम, 2019 जारी किया जो कि टैरिफ अवधि 2019–24 के लिए लागू है। इन विनियमों में यथाधिसूचित महत्वपूर्ण उपबंधों में 15.50 प्रतिशत तथा 16.50 प्रतिशत पर इक्विटी पर रिटर्न की दर को बनाए रखना शामिल है। परियोजनाओं के समय पर समापन के लिए 0.5 प्रतिशत का अतिरिक्त रिर्टन समाप्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, रैम्प दर को प्राप्त करने की योग्यता पर आधारित इक्विटी पर रिटर्न में वृद्धि या कमी को दिनांक 1.4.2020 से आरंभ किया गया है (राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र द्वारा अलग मार्गनिर्देश जारी किए जाएंगे)। इसके अतिरिक्त, कोयला आधारित उत्पादन स्टेशनों की ऊर्जा प्रभार दर का परिकलन करते समय भंडारण के दौरान परिवर्तन के कारण 'यथाप्राप्त' जीसीवी पर 85 किलोकैल/किलोग्राम का अतिरिक्त भत्ते की अनुमति है।

इन विनियमों ने तीन महीनों (सतत अथवा अन्यथा) की उच्च मांग सीजन तथा शेष नौ महीनों (संबद्ध प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र द्वारा कम से कम छह महीने पहले घोषित किया जाए) की निम्न मांग सीजन सहित क्षमता प्रभारों की वसूली के लिए पीक घंटों और ऑफ–पीक घंटों के दौरान विभेदक दर व्यवस्था आरंभ की। क्षमता प्रभारों के माध्यम से थर्मल उत्पादन स्टेशनों की एफसी वसूली को विभेदक दरों के साथ पीक–घंटों तथा ऑफ पीक–घंटों में पृथक किया गया है। पीक घंटों को एएफसी पर सीमित समग्र वसूली के साथ ऑफ पीक घंटों की दर की 1.25 गुना पर रखा गया है। दैनिक पीक घंटों (4 घंटे) तथा ऑफ पीक घंटों (20 घंटे) को संबंधित प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्रों द्वारा कम से कम एक सप्ताह पहले घोषित किया जाएगा।

विनियमों में विनिर्दिष्ट मानकीय प्लांट भार घटक से अधिक होने पर पीक घंटों के दौरान एक्स–बस अधिसूचित ऊर्जा के लिए 65 पैसे / किलोवाट तथा ऑफ पीक घंटों के दौरान एक्स–बस अधिसूचित ऊर्जा के लिए 50 पैसे/किलोवाट की दर से प्रोत्साहन हेतु व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त, हाइड्रो उत्पादन स्टेशनों के मामले में गौण ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार 90 पैसे प्रति किलोवाट से 120 पैसे प्रति किलोवाट में संशोधित किया गया है।

आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केन्द्रीय पारेषण कंपनी द्वारा आर्थिक एवं कुशल अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली का नियोजन, समन्वय तथा विकास एवं अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2018 अधिसूचित किया। इन विनियमों का उद्देश्य उत्पादन स्टेशनों से भार केन्द्रों तक विद्युत के सुचारू प्रवाह हेतु अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली की एक कुशल, समन्वित, विश्वसनीय तथा आर्थिक प्रणाली के नियोजन तथा विकास हेतु अपनाए जाने वाले व्यापक सिद्धांतों, क्रियाविधियों तथा प्रक्रियाओं का निर्धारण करना है। इन विनियमों का उद्देश्य प्रक्रिया में स्टेकहोल्डरों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्टेकहोल्डरों के परामर्श एवं सहभागिता को विनिर्दिष्ट करने, नियोजन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए क्रियाविधियों को विनिर्दिष्ट करने, अधिनियम के अनुसार विभिन्न संगठनों की भूमिकाओं तथा दायित्वों का सीमांकन आदि करना भी है।

आयोग ने केविविआ (अंतर–राज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) विनियमों में पांचवां संशोधन राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री के कार्यान्वयन के लिए एक समर्थकारी विनियामक रूपरेखा का सृजन करने के उद्देश्य से अधिसूचित किया। राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री का उद्देश्य केन्द्रीकृत इलेक्टॉनिक प्लैटफार्म को सुकर बनाना है जिसके माध्यम से अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली में अल्पकालिक निर्बाध पहुंच को व्यवस्थित किया जाएगा। राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री से स्थायी निकासी की जांच तथा डे–अहेड एवं टर्म अहेड संव्यवहारों के संसाधन के लिए पावर एक्सचेंजों के साथ इंटरफेस प्रदान करने की अपेक्षा है। इसके अतिरिक्त, यह ध्यान रखा गया है कि राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री अल्पकालिक संव्यवहारों से संबंधित सभी भुगतान करने के लिए भुगतान गेटवे प्रदान करके वित्तीय संव्यवहारों को सुकर बनाएगा। राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री आवेदनों की लेखा परीक्षा खोज तथा बाजार मॉनिटरिंग एवं बाजार डिजाइन मूल्यांकन प्रयोजनों के लिए आवश्यक सूचना का सारांश प्रस्तुत करने वाली डैशबोर्ड सुविधा भी प्रदान करेगा। इन सभी विशेषताओं से देश की अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली में अल्पकालिक निर्बाध पहुंच को व्यवस्थित करने में कुशलता एवं पारदर्शिता में महत्वपूर्ण सुधार आना अपेक्षित है।

वर्ष 2014 में यथा अधिसूचित विचलन व्यवस्थापन तंत्र विनियमों में डीएसएम कीमत वेक्टर के पुनरीक्षण की व्यवस्था है। वर्ष 2014 से विद्युत क्षेत्र में कई विकास हो चुके हैं। इस पृष्ठभूमि में, आयोग ने ग्रिड के सुरक्षित, सुदृढ़ तथा विश्वसनीय प्रचालन की आवश्यकता के संबंध में फ्रीक्वेंसी के मौजूदा प्रचालन बैंड के पुनरीक्षण तथा उभरती बाजार वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए फ्रीक्वेंसी के साथ उनकी लिंकेज सहित विचलन व्यवस्थापन तंत्र दरों के सिद्धांतों के पुनरीक्षण को आवश्यक समझा। तदनुसार, आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र तथा संबद्ध मामले) (चौथा संशोधन) विनियम, 2018 अधिसूचित किया। इस संशोधन में 50.00 हर्ट्स पर विद्युत एक्सचेंज के डीएएम भाग में पता लगाई गई औसत दैनिक एसीपी के लिए ₹8/– प्रति यूनिट की अधिकतम सीमा तथा विनियमित तथा गैर–विनियमित ईकाइयों के लिए पृथक रूप से कैप दरों को लिंक करने की भी व्यवस्था है। ग्रिड अनुशासन के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में, चिन्ह परिवर्तन मानक (एक दिशा में निरंतर विचलन) के गैर–अनुपालन के मामले में वित्तीय दंड लगाने के लिए भी व्यवस्था का आरंभ किया गया है।

आयोग ने विद्युत अधिनियम, 2003 के संगत उपबंधों तथा विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी विद्युत के आयात एवं निर्यात पर मार्गदर्शनों के अनुसार केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत का क्रॉस–बॉर्डर व्यापार) विनियम, 2019 अधिसूचित किया जो कि भारत में सहभागी ईकाइयों पर तथा उन पड़ोसी देशों पर लागू है जो कि भारत के साथ क्रॉस–बॉर्डर व्यापार में शामिल हैं। इन विनियमों में व्यवस्था है कि भारत तथा पड़ोसी देश(देशों) के बीच विद्युत के क्रॉस–बॉर्डर व्यापार की अनुमति दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय करार बिडिंग रूट के माध्यम से ईकाइयों के बीच परस्पर करारों के माध्यम सहित संबंधित देश (देशों) में प्रचलित कानूनों के उपबंधों के साथ संगत भारत तथा पड़ोसी देश(देशों) के बीच हस्ताक्षरित करारों की समग्र रूपरेखा के अधीन भारतीय ईकाई(यों) तथा पड़ोसी देश (देशों) की ईकाई(यों) के बीच परस्पर करार के माध्यम से दी जाएगी। तथापि, त्रिपक्षीय करारों के मामले में, भारत में विद्युत के क्रॉस–बॉर्डर व्यापार को भारत सरकार तथा सहभागी ईकाइयों की संबंधित पड़ोसी देशों की सरकारों के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय करारों की

समग्र रूपरेखा के अधीन अनुमति होगी।

वित्तीय वर्ष 2018–19 के अंत तक, कुल स्थापित उत्पादन क्षमता 356.1 जीडब्ल्यू थी। इसमें थर्मल उत्पादन (कोयला, गैस एवं डीजल), हाइड्रो तथा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्रमशः 63.5%, 12.7% तथा 21.8% था। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के 77.6 जीडब्ल्यू में से पवन ऊर्जा तथा सौर ऊर्जा की क्षमताएं क्रमशः 35.6 जीडब्ल्यू तथा 28.2 जीडब्ल्यू थीं। शेष क्षमता, लघु हाइड्रो पावर, बायो–मास, अवशिष्ट ऊर्जा आदि के बीच शेयर की गई। भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को 175 जीडब्ल्यू तक बढ़ा दिया है, जिसमें सौर से 100 जीडब्ल्यू, वायु से 60 जीडब्ल्यू, बायो–पावर से 10 जीडब्ल्यू तथा लघु हाइड्रो पावर से 5 लघु हाइड्रो पावर शामिल है। इस लक्ष्य में मुख्यतः रूफटॉप से 40 जीडब्ल्यू तथा दीर्घ एवं मध्यम स्तर ग्रिड से जुड़े सौर पावर परियोजनाओं के माध्यम से 60 जीडब्ल्यू शामिल होगा। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता की वृद्धि तथा ग्रिड में इसके सुचारू एकीकरण के लिए लक्ष्यों के प्रोत्साहन में, आयोग ने अपना विचार–विमर्श जारी रखा और विद्युत बाजार डिजाइन से जुड़े गंभीर पहलुओं पर प्रस्ताव पेपरों को सार्वजनिक क्षेत्र में रखा गया है जिन्होंने वृहत स्तर पर विचार–विमर्श आरंभ किया है।

नवीकरणीय ऊर्जा के अस्थिर एवं अनिश्चित होने के कारण, ग्रिड में इसका प्रभावी एकीकरण विद्युत प्रणालियों के सुचारू प्रचालन के लिए महत्वपूर्ण है, अतः प्रणाली में इसके एकीकरण के लिए तथा बाजार प्रचालन के लिए उचित रूपरेखा की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, आयोग ने वास्तविक समय के समीप बाजार प्रचालनों में सुधार, केवल अनिरंतर नवीकरणीय ऊर्जा को काम में लाने के लिए नहीं, बल्कि अंतः दिवस समय होरिजन में संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के संबंध में आगे की कार्रवाई हेतु आवश्यकता महसूस की। बोली लगाने पर भुगतान मॉडल पर आधारित निरंतर व्यापार (अंतः दिवस व्यापार) की वर्तमान प्रणाली अपर्याप्तताओं के कारण कमजोर है और यहां तक कि यूरोप में भी इसके डिजाइन पर पुनर्विचार हो रहा है। अतः भारत में अंतः दिवस बाजार भाग को सुधार के अगले चरण में निरंतर व्यापार से एकरूप मूल्य निर्धारण तंत्र पर आधारित नीलामी की ओर जाने की आवश्यकता है।

इस पृष्ठभूमि में, आयोग ने आईईजीसी, पावर बाजार विनियमों तथा निर्बाध पहुंच विनियमों के संशोधन प्रारूप के बाद प्रत्येक आधे घंटे में दो पंद्रह मिनटों के ब्लॉक में वितरण हेतु प्रत्येक आधे घंटे में एक बार वास्तविक समय बाजार के आयोजन का प्रस्ताव देते हुए एक प्रस्ताव पेपर प्रकाशित किया।

आयोग ने प्रस्ताव पेपर में प्रस्ताव पर पूर्ण विचार तथा उस पर प्राप्त हुई टिप्पणियों के बाद वास्तविक–समय बाजार के डिजाइन को निम्नानुसार प्रस्तावित किया:

- वास्तविक–समय बाजार आधे घंटे का बाजार होगा (प्रस्ताव पेपर में यथाप्रस्तावित एक घंटे के बाजार के विरुद्ध)
- कीमत निर्धारण तंत्र एकरूप कीमत के साथ दो तरफा बंद नीलामी होगा।
- आधे घंटे के बाजार के साथ तालमेल में समय के साथ गेट बंद करने की संकल्पना को आरंभ किया जाना प्रस्तावित है।
- क्रेताओं/विक्रेताओं को आधे घंटे के वास्तविक समय बाजार में प्रत्येक पंद्रह मिनट

के टाईम ब्लॉक के लिए खरीदने/बेचने की बोलियों का विकल्प होगा। दीर्घकालिक संविदा वाले तथा इस बाजार में सहभागिता करने वाले उत्पादकों से डिस्कॉम के साथ, जैसा कि टैरिफ नीति, 2016 में निर्धारित है, 50:50 के अनुपात में शुद्ध लाभ बांटना अपेक्षित होगा।

- वास्तविक समय बाजार वित्तीय तथा भौतिक रूप से बाध्यकारी होगा। यदि ईकाइयां वास्तविक समय बाजार के बाद प्रेषित अनुदेशों का पालन करने में विफल होती हैं, तो उन पर विचलन व्यवस्थापन तंत्र के अधीन प्रभार लगेगा।

इस प्रकार का तीव्र संव्यवहार/व्यवस्थापन स्वचलन की अपेक्षा करता है, तथा आयोग इस पर पहले से ही कार्यवाई आरंभ कर चुका है (राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री को कार्यान्वित करने के लिए विनियमों में संशोधन के माध्यम से)।

विचार–विमर्श पेपर में गेट के बंद होने की अवधारणा की शुरुआत का भी प्रस्ताव है जो कि ऐसा समय बिंदु है जिसके बाद अधिसूची के पुनरीक्षण की कोई अनुमति नहीं है। गेट के बंद होने के बाद, वितरण/व्यवस्थापन अवधि हेतु प्रक्रिया प्रचालन के लिए भौतिक सूचना और संविदा (अधिसूचनाएं) मात्राएं जैसे दूरंदेशी डाटा को बदला नहीं जा सकता तथा प्रक्रिया प्रचालक प्रक्रिया के संतुलन के लिए उत्तरदायित्व संभालता है।

सहायक सेवाएं पावर प्रक्रिया प्रचालन की एक अपरिहार्य भाग हैं जो कि विद्युत प्रक्रिया को सुधारने तथा उसकी विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं। आयोग ने रिजर्व विनियम सहायक सेवाओं पर विनियम जारी किए हैं जो कि एक साल से अधिक समय से प्रचालन में हैं। रूपरेखा के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभव के आधार पर आयोग ने "भारत में सहायक सेवा तंत्र के पुनर्डिजाइन" पर एक प्रस्ताव पेपर प्रकाशित किया, जिसमें तंत्र में डिजाइन परिवर्तनों का सुझाव देते हुए मौजूदा सहायक सेवा तंत्र में बाधाओं को दूर किया गया है।

प्राथमिक समर्थन प्रकृति में अनिवार्य है तथा सभी उत्पादकों से आवश्यकता पड़ने पर समर्थन प्रदान करने की क्षमता रखने की अपेक्षा है। इसलिए, भारत में उत्पादकों को उनकी स्थापित क्षमता के बाहर अनुसूचीकरण करने से रोका जाता है। द्वितीय नियंत्रण तथा तीव्र तृतीयक वर्तमान में व्यवस्थित तंत्र के अधीन हैं तथा आयोग ने इन खंडों के लिए पायलट अध्ययन का निर्देश दिया है। बाजार तंत्र के लिए पांच मिनट की मीटरिंग तथा अनुसूचीकरण इस तंत्र की प्राप्ति के लिए एक आवश्यक अवस्था है। इस प्रकार, ये दोनों खंड अर्थात् द्वितीय नियंत्रण तथा तीव्र तृतीयक पायलट अध्ययन से अनुभव प्राप्त करने पर बाजार पद्धति के लिए खुले में होंगे और आयोग इन दोनों सहायक समर्थन सेवाओं के लिए बाजारों के प्रवेश हेतु भविष्य में एक तारीख अधिसूचित कर सकते हैं।

इस पेपर में, बाजार आधारित तंत्र तृतीयक सहायक सेवा खंड के लिए आरंभ किया गया है। इस खंड में धीमा चक्रण रिजर्व (जो कि प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र क्षेत्र, जो कि पहले से ही पावर प्रणाली के साथ समक्रमिक हैं तथा 15 मिनटों/30 मिनटों के अंदर उत्पादन स्तर परिवर्तित करने के लिए प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र से प्राप्त अनुदेशों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं, के अदंर स्थित योग्य उत्पादकों द्वारा प्रदान किया गया है) तथा धीमा गैर–समक्रमिक रिजर्व (जो कि उत्पादकों/भंडारण प्रणालियों से प्राप्त हैं जो कि

ग्रिड के साथ समक्रमिक नहीं हैं परंतु 15 मिनटों/30 मिनटों के अंदर प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र से प्राप्त अनुदेशों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं)।

रिजर्व आवश्यकताएं सीजन के अनुसार परिवर्तित हो सकती हैं (प्रत्येक माह और/अथवा पीक तथा पीक–ऑफ दशाओं के लिए तथा प्रत्येक क्षेत्र के लिए प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्रों/पोसोको द्वारा निर्धारित किया जाना आवश्यक है (पारेषण संकुलन द्वारा पृथक किए गए)।

भारत में विद्युत बाजार एक लंबी अवधि परिधि में करार करते हुए अबाध क्रम में अनुसूचीकरण तथा डे–अहेड में प्रेषण तथा वास्तविक समय आधार पर कार्य करता है। बाजार का अनुभवों तथा पावर प्रणाली प्रचालन ने उत्पादन की अनुसूचीकरण और प्रेषण के और अधिकतम उपयोग के लिए संभवता को उभारा है।

तदनुसार, बाजार डिजाइन में सुधारों के अनुसार और अधिक कार्रवाई की आवश्यकता महसूस हुई जो कि अनुसूचीकरण के बेहतर उपयोग तथा उत्पादन क्षमताओं के आर्थिक प्रेषण के लिए व्यवस्था करता है। इस पृष्ठभूमि में, बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण पर एक प्रस्ताव पेपर प्रस्तावित किया गया था जो कि डे–अहेड समय परिधि तथा अनुसूचीकरण पर विद्युत बाजार के कार्य पर विचार–विमर्श तथा तकनीकी बाध्यताओं के अधीन आर्थिक सिद्धांतों पर पूरी तरह से कुल उत्पादन का प्रेषण प्रदान करता है।

बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण का उद्देश्य ग्रिड की सुरक्षा को बनाए रखने के साथ–साथ कम–लागत उत्पादन मिश्रण के प्रेषण द्वारा प्रणाली भार को प्राप्त करना है। यह सुनिश्चित करता है कि एक दिवस के लिए सभी समय–ब्लॉकों में प्रणाली भार प्राप्त करने के लिए उत्पादन की कुल लागत अर्थात् प्रणाली लागत कम से कम हो। भारत में वर्तमान बाजार रूपरेखा को देखते हुए प्रस्तावित बाजार डिजाइन, प्रणाली प्रचालक तथा बाजार प्रचालक को पृथक रूप से शामिल करते हुए यह ध्यान रखता है कि वर्तमान में ये दोनों संस्थाएं अपने संबंधित कार्य करते हैं। प्रणाली प्रचालन विद्युत के भौतिक व्यवस्थापन को संभालता है जबकि बाजार प्रचालनों में बोली अनुरोध तथा सभी वित्तीय व्यवस्थापन सम्मिलित हैं। बाजार प्लेटफॉर्म एक दिवस में प्रत्येक समय–ब्लॉक में बाजार क्लियरिंग कीमत का पता लगाता है जो कि प्रेषित विद्युत के सही मूल्य को दर्शाता है।

विनियामक फोरम विद्युत अधिनियम 2003 के उपबंधों के अनुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित किया गया है। इस फोरम में केविविआ और राज्य विद्युत विनियामक आयोगों/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्ष शामिल हैं। केविविआ के अध्यक्ष फोरम के अध्यक्ष हैं। केविविआ विनियामक फोरम को सचिवीय सेवाएं प्रदान करता है। विनियामक फोरम ने वर्ष 2018–19 के दौरान चार बैठकें आयोजिक की जिनमें विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गया और सिफारिशें की गईं। इस वर्ष के दौरान, विनियामक फोरम ने "उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की विद्युत गुणवत्ता", "भारतीय भार प्रेषण केन्द्रों की क्षमता निर्माण" तथा "उत्तर–पूर्वी क्षेत्र पर रिपोर्ट" से संबंधित अध्ययनों को पूरा किया।

भारतीय विनियामक फोरम वर्ष 1999 में निर्मित एक सोसायटी है जिसमें विद्युत, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, एयरपोर्ट, बड़े पोर्ट इत्यादि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विनियामकों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह विनियामक पद्धतियों एवं प्रक्रियाओं में उभर रहे

मुद्दों पर विचार–विमर्श के लिए सामान्य प्लेटफार्म उपलब्ध करवाता है ताकि भारत में विनियमों के समक्ष चुनौतियों की पूर्ति के लिए सामान्य रणनीतियां विकसित की जा सके और सूचना एवं अनुभवों का आदान–प्रदान किया जा सके। भारतीय विनियामक फोरम के सदस्यों में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, विनियामक बोर्ड, एयरपोर्ट, इकनॉमिक विनियामक प्राधिकरण, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, बड़े पोर्टों के टैरिफ प्राधिकरण, भारतीय टेलिकॉम विनियामक प्राधिकरण तथा सभी राज्यों के विद्युत विनियामक शामिल हैं। भारतीय विनियामक फोरम को सचिवीय सेवा केविविआ द्वारा दी जाती है। वर्ष के दौरान, गवर्निंग बॉडी की एक बैठक, वार्षिक जनरल बॉडी की एक बैठक आयोजित की गई है।

साफिर दक्षिण एशियन देशों के अवसंरचनात्मक विनियामकों का एक फोरम है जो 1999 से अस्तित्व में आया। साफिर को सचिवालय के रूप में केविविआ ने अपने सदस्यों के लिए उच्च स्तरीय पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं जानकारी कार्यक्रम आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। साफिर की 24वीं संचालन समिति की बैठक तथा 15वीं एवं 16वीं कार्यकारी समिति की बैठकें वर्ष 2018–19 के दौरान आयोजित की गईं।

5
विनियामक क्रियाविधियां एवं प्रक्रिया

5. विनियामक क्रियाविधियां एवं प्रक्रिया

केंद्रीय आयोग, विद्युत अधिनियम, 2003 के उपबंधों के अधीन अपने निम्नलिखित कृत्यों का निर्वहन करता है:

1. विनियमों को अधिसूचित करता है
2. निम्नलिखित से संबंधित याचिकाओं पर आदेश जारी करता है:
   - ✦ टैरिफ का अवधारणा करने
   - ✦ अनुज्ञप्ति जारी करने
   - ✦ प्रकीर्ण मामले

क विनियमों के लिए क्रियाविधि

आयोग विनियम जारी करने से पूर्व विस्तृत और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन करता है। प्रारंभ में, उन मुद्दों पर जिन पर विनियम बनाया जाना प्रस्तावित है, परामर्श पेपर तैयार किए जाते हैं। प्रायः परामर्श पेपर कर्मचारीवृंद स्तर पर तैयार किया जाता है और उसे स्टाफ पेपर के नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद, परामर्श पेपर/स्टाफ पेपर का पणधारियों (स्टेक होल्डरों) से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए इलैक्ट्रानिक और प्रिंट माध्यम से व्यापक प्रचार किया जाता है। आक्षेप और सुझावों की प्राप्ति पर, मुद्दों पर विस्तृत रूप से विचार–विमर्श करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई की जाती है।

प्राप्त आक्षेपों एवं सुझावों और सार्वजनिक सुनवाई में हुए विचार–विमर्श के आधार पर प्रारूप विनियम तैयार किए जाते हैं। अधिनियम की अपेक्षानुसार, प्रारूप विनियमों पर पूर्व प्रकाशन की कार्रवाई की जाती है। इससे यह लक्षित होता है कि प्रारूप विनियम पणधारियों से टीका टिप्पणियाँ प्राप्त करने के लिए प्रकाशित किए गए हैं। आक्षेप और सुझाव प्राप्त होने और उन पर विचार करने के पश्चात् ही विनियमों को अंतिम रूप से भारत के राजपत्र में प्रकाशित/अधिसूचित किया जाता है तथा कारणों के कथन को पृथक रूप से वेबसाइट पर डाला जाता है।



याचिकाओं से संबंधित आदेशों के लिए क्रियाविधि

आयोग के समक्ष याचिकाएं/आवेदन प्राथमिक रूप से निम्नलिखित के लिए किए जाते हैं :

1. उत्पादन और पारेषण के लिए टैरिफ का निर्धारण करने;
2. विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण और अंतर–राज्यिक व्यापार में अनुज्ञप्ति प्रदान करने।

उपरोक्त के अलावा, निम्नलिखित याचिकाएं / आवेदन भी आयोग के समक्ष फाइल किए जाते हैं :

1. विविध याचिकाएं
2. पुनर्विलोकन याचिकाएं

आवेदक विहित फीस के साथ याचिकाएं दायर करते हैं और अपनी याचिकाओं के प्रति सभी संबंधितों को तामील करते हैं। आवेदकों से, टैरिफ तथा अनुज्ञप्ति के लिए अपने आवेदन को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने और जनता से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए समाचारपत्र से नोटिस देने की अपेक्षा भी की जाती है। तत्पश्चात, सार्वजनिक सुनवाई की जाती है जहां याचिकाकर्त्ता और प्रत्यर्थी आयोग के समक्ष अपने मामले का तर्क प्रस्तुत करते हैं। आयोग सभी संबंधित व्यक्तियों की सुनवाई करने के पश्चात् याचिका पर अंतिम आदेश पारित करता है। याचिकाकर्त्ता और प्रत्यर्थी को, आयोग के समक्ष पुनर्विलोकन करने और विद्युत अपील प्राधिकरण के समक्ष आयोग के आदेश के विरूद्ध अपील करने के लिए विधि के अधीन अनुमति है।

ख. टैरिफ अवधारण करने की प्रक्रिया और सिद्धान्त

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के सृजन के पूर्व, केंद्रीय उत्पादन कंपनियों, अर्थात एनटीपीसी, एनएचपीसी, एनएलसी और नीपको, का टैरिफ, परियोजना विशिष्ट अधिसूचनाओं के माध्यम से केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किया जा रहा था। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 के अधीन जुलाई, 1998 से अस्तित्व में आया। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग को, अन्य बातों के साथ–साथ, केंद्रीय उत्पादन कंपनियों के टैरिफ के निर्धारण का कार्य सौंपा गया था। इस कार्य का निर्वहन करने के लिए, आयोग से टैरिफ के निबंधन और शर्तों को अंतिम रूप देने की अपेक्षा की गई थी। सभी पणधारियों की सुनवाई की पारदर्शी प्रक्रिया पूरा करने के पश्चात आयोग ने टैरिफ के निबंधनों एवं शर्तों को तीन वर्ष की अवधि, अर्थात 2001–04 के लिए मार्च, 2001 में अंतिम रूप दिया तथा उन्हें अधिसूचित किया। विद्युत अधिनियम, 2003 (जिससे अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम, 1998 निरसित हो गया) के अधिनियमन के पश्चात, आयोग ने 2004–09 की पांच वर्ष की अवधि तथा मार्च, 2009 में 2009–14 की पांच वर्ष की अवधि के लिए टैरिफ के निबंधन और शर्तों को अधिसूचित किया। उपर्युक्त अधिसूचनाओं में केन्द्र / स्टेशन / राज्य–वार उत्पादन टैरिफ तथा लाइन या प्रणाली–वार पारेषण टैरिफ को निर्धारण करने का उपबंध है। आयोग ने 21 फरवरी 2014 की अधिसूचना द्वारा केविविआ (टैरिफ के निबंधन और शर्तें) विनियम, 2014 जारी किए जो 1.4.2014 से प्रभावी हैं।

टैरिफ समय–समय पर यथा लागू टैरिफ के निबंधनों और शर्तों के अनुसार तय किया जाता है। निबंधन और शर्तों में वित्तीय मानदंड और तकनीकी मानदंड विहित हैं। टैरिफ को प्रायः लागत प्लस टैरिफ कहा जाता है क्योंकि परियोजना की पूंजी लागत टैरिफ संगणना के लिए आंरभिक बिन्दु होती है। इसे विनियमित टैरिफ कहना अधिक समुचित होगा क्योंकि वास्तविक पूंजी व्यय से भिन्न टैरिफ के लिए स्वीकार्य अधिकांश वित्तीय और तकनीकी पैरामीटर मानकीय होते हैं न कि वास्तविक। थर्मल केंद्रों के परिवर्तनीय प्रभार, मासिक भारित औसत कीमत और ईंधन के हीट मूल्य के अनुसार ईंधन कीमत के लिए संशोधित किए जाते हैं।

टैरिफ संगणना बहुत ही लम्बी होती है क्योंकि टैरिफ के लिए, लिए जाने वाले विभिन्न तत्वों को, पूर्ण टैरिफ में सम्मिलित करने के लिए व्यष्टिक रूप से संगणित किया जाता है। प्रत्येक उत्पादन केंद्र के लिए उसकी स्वीकृत पूंजी लागत, आधार ईंधन कीमत और सकल कैलोरीफिक मूल्य (जीसीवी) तथा दक्ष प्रचालन के लागू संनियमों पर निर्भर करते हुए, टैरिफ भिन्न–भिन्न होता है। प्रक्रिया में काफी समय लगता है किन्तु यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि ये केंद्र दक्ष और मितव्ययी रीति से कार्य करते हैं और क्रेता केंद्रों से उच्च कीमत प्राप्त करने के लिए अपनी प्रबल स्थिति का दुरुपयोग नहीं करते हैं।

6

वर्ष 2018–19 के दौरान गतिविधियां

6. 2018–19 के दौरान गतिविधियां

6.1 कानूनी कार्यवाहियां

वर्ष 2018–19 के दौरान 453 (9 याचिकाएं रिमांडिड बैक सहित) याचिकाएं रजिस्टर की गई। इसके अलावा 358 याचिकाएं पूर्ववर्ती वर्ष, 2017–18 से आगे ले जाई गई जिससे याचिकाओं की कुल संख्या 811 हो गई। इनमें से 340 याचिकाएं वर्ष 2018–19 के दौरान निपटा दी गई। निपटाई गई याचिकाओं की विस्तृत स्थिति के ब्यौरे अनुबंध-I में दिए गए हैं।

6.2 वर्ष 2018–19 में जारी किए गए विनियम / प्रमुख निर्णय

i. केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम 2019

आयोग ने केविविआ 7 मार्च 2019 की अधिसूचना के माध्यम से केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम 2019 जारी किया जो टैरिफ अवधि 2019–24 के लिए संगत है।

इन विनियमों में अधिसूचित महत्वपूर्ण उपबंधों में 15.50 प्रतिशत और 16.50 प्रतिशत (पंप स्टोरेज हाइड्रो के लिए) पर इक्विटी पर रिटर्न की रखी गई दर शामिल है। तथापि परियोजनाओं के समय से पूरा होने के लिए 0.5 प्रतिशत की अतिरिक्त रिटर्न समाप्त कर दी गई है। रैम्प दर प्राप्त करने के लिए क्षमता पर निर्भर करते हुए इसके अलावा इक्विटी पर रिटर्न में वृद्धि या कमी 01.4.2020 से आरंभ की गई है (अलग मार्गनिर्देश एनएलडीसी द्वारा जारी किए जाएंगे)।

कार्य पूंजी पर ब्याज की संगणना के लिए प्राप्य 60 दिनों से कम होकर 45 दिन हो गया। कोयला स्टॉक पीटहेड के लिए 15 से 10 दिन हो गया और गैर पिटहेड केन्द्रों के लिए 30 दिन से 20 दिन हो गया।

इसके अलावा कोयला आधारित उत्पादन केन्द्रों की ऊर्जा प्रभार दर की संगणना करते हुए स्टोरेज के दौरान भिन्नता के कारण "जैसा प्राप्त किया गया" जीसीवी पर 85 केसीएएल/किलोग्राम की अतिरिक्त भत्ते की अनुमति है।

विनियमों में मौजूदा उत्पादन केन्द्र या नए उत्पादन केन्द्र में संशोधित मानक के कार्यान्वयन के कारण अतिरिक्त पूंजीकरण एवं अनुपूरक ऊर्जा प्रभार के लिए अनुपूरक क्षमता प्रभार हेतु व्यवस्था है। विशेष सिंगल पार्ट टैरिफ थर्मल उत्पादन केन्द्र के संबंध में वास्तविक प्रेषण पर आधार पर वसूल की जाएगी जिसे वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से प्रचालन के 25 वर्ष पूरे हुए हैं जहां उत्पादन कंपनी और हिताधिकारी किसी व्यवस्था पर सहमत हो सकते हैं।

उत्पादन केन्द्र जिन्होंने 5.1.2011 को या उससे पूर्व विद्युत क्रय करार पर हस्ताक्षर किए हैं लेकिन 31.3.2019 तक वित्तीय क्लॉजर प्राप्त नहीं किया उनसे हिताधिकारियों से नई सहमति प्राप्त करनी अपेक्षित है।

इन विनियमों में शेष 9 महीने के कम मांग सीजन (अग्रिम में कम से 6 माह में संबंधित आरएलडीसी द्वारा घोषित किए जाने वाले) और 3 माह के उच्च मांग सीजन (सतत या अन्यथा) सहित क्षमता प्रभारों की वसूली के लिए पीक घण्टे और आफ पीक घण्टे के दौरान विभेदक दर (1.4.2020 से प्रभावी) आरंभ की। क्षमता प्रभारों के माध्यम से थर्मल उत्पादन केन्द्रों की एएफसी वसूली विभेदक दरों सहित पीक घण्टे और आफ पीक घटे में अलग की गई। पीक घण्टे दर आफ पीक घण्टे दर के 1.25 बार रखी गई। एएफसी पर कैप की गई कुल वसूली के साथ दैनिक पीक घण्टे (4 घण्टे) और आफ पीक घण्टे (20 घण्टे) अग्रिम रूप से कम से कम एक सप्ताह में संबंधित आरएलडीसी द्वारा घोषित किया जाएगा।

विनियमों में पीक घण्टों के दौरान एक्स बस अनुसूचित ऊर्जा के लिए 65 पैसे/किलोवाट घण्टे की दर और आफ पीक घण्टों के दौरान एक्स बस

अनुसूचित ऊर्जा के लिए 50 पैसे/किलोवाट घण्टा पर विनिर्दिष्ट मानकीय संयंत्र भार घटक से अधिक के लिए प्रोत्साहन की व्यवस्था है। इसके अलावा हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों के मामले में द्वितीयक ऊर्जा भार दर 90 पैसे प्रति किलोवाट घण्टे से 120 पैसे प्रति किलोवाट घण्टे हो गई।

ii. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केन्द्रीय पारेषण प्रयोज्यता द्वारा किफायती एवं कुशल अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली में योजना समन्वय एवं विकास और अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2018

केविविआ (भारतीय ग्रिड कोड) विनियम 2010 में पार्ट 3 के अधीन अंतरराज्यिक पारेषण के लिए योजना कोड की व्यवस्था है जिसमें अंतरराज्यिक पारेषण प्रणालियों से संबंधित योजना के विविध पहलुओं को कवर किया गया है। योजना कोड में राष्ट्रीय ग्रिड, प्रादेशिक ग्रिड और अंतर प्रादेशिक लिंक की योजना में प्रयुक्त की जाने वाली क्रियाविधियों को विनिर्दिष्ट किया गया है।

अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली तथा संबद्ध अंतःराज्यिक पारेषण प्रणालियों के बेहतर विकास के लिए नियोजन हेतु पारदर्शी, समन्वित परामर्शी प्रक्रिया की आवश्यकता के संदर्भ में आयोग ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केन्द्रीय पारेषण प्रयोज्यता द्वारा किफायती एवं कुशल अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली में योजना समन्वय एवं विकास और अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2018 को अधिसूचित किया। इन विनियमों का उद्देश्य स्टेकहोल्डरों से साथ परामर्श सहित और व्यापक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से संबद्ध अंतःराज्यिक प्रणालियों और कुशल विश्वसनीय एवं मितव्ययी अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली की योजना के लिए सीटीयू को सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है और इसे विद्युत अधिनियम 2003 के अनुसार विकसित किया जाए और अधिनियम के अधीन तैयार नीतियों के अनुसार विकसित किया जाए।

विनियमों के उद्देश्यों में भार केन्द्रों के उत्पादन केन्द्रों से विद्युत के सुचारू प्रवाह के लिए आईएसओएस के कुशल, समन्वित, विभवसनीय और किफायती प्रणाली की योजना और विकास के लिए अपनाई जाने वाले सिद्धांतों, क्रियाविधियों और प्रक्रियाओं, योजना प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए प्रक्रियाओं को विनिर्दिष्ट करना, स्टेकहोल्डरों से परामर्श और सहभागिता के लिए क्रियाविधियों को विनिर्दिष्ट करना और योजना प्रक्रिया में स्टेकहोल्डरों की सहभागिता सुनिश्चित करना, अधिनियम के अनुसार विभिन्न संस्थाओं की भूमिका और उत्तरदायित्व इत्यादि को पता लगाना शामिल है।

iii. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) (पांचवा संशोधन) विनियम, 2018

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) में पांचवा संशोधन राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री के कार्यान्वयन के लिए विनियामक फ्रेमवर्क के सृजन के उद्देश्य से अधिसूचित किया गया।

यह विचार किया गया कि राष्ट्रीय निर्बाध पहुंच रजिस्ट्री केन्द्रीकृत इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म गठित करेगी जिसके माध्यम से अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में अल्पकालिक निर्बाध पहुंच प्रशासिक होगी। अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में अल्पकालिक निर्बाध पहुंच से संबंधित सभी आवेदन और अनुमोदन एनओएआर के माध्यम से किए जाएंगे। एनओएआर में संगत सूचना अर्थात एसएलडीसी/आरएलडीसी द्वारा प्रदान की गई स्थायी क्लियरेंस, पारेषण कॉरिडोर की उपलब्धता, ग्राहकों को प्रदान की गई अल्पकालिक निर्बाध पहुंच और आवेदन स्थिति इत्यादि शामिल होगी जो संबंधित स्टेकहोल्डरों द्वारा ऑनलाइन स्वतः अद्यतन होगी। एनओएआर स्थायी क्लियरेंस के सत्यापन और डेअहेड एवं टर्न अहेड संव्यहवरों से प्रोसेसिंग के लिए पावर एक्सचेंजों से

इंटरफेस होगी।

इसके अलावा यह विचार किया गया है कि एनओएआर अल्पकालिक संव्यवहारों से संबंधित सभी भुगतानों के लिए भुगतान गेटवे उपलब्ध करवाते हुए वित्तीय संव्यवहारों को सरल बनाएगा। एनओएआर आवेदन और डेश बोर्ड सुविधा की लेखा परीक्षा उपलबध करवाएगा जिसमें बाजार डिजाइन मूल्यांकन उद्देश्यों और बाजार मॉनिटरिंग के लिए आवश्यक सूचना का सार बनाया जाएगा। यह सभी विशेषताएं देश के अंतरराज्यिक प्रणाली पारेषण प्रणाली के अल्पकालिक निर्बाध पहुंच के प्रशासन में कुशल एवं पारदर्शिता में पर्याप्त सुधार के लिए प्रत्याशित हैं।

iv. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) (चौथा संशोधन) विनियम, 2018

2014 में अधिसूचित डीएसएम विनियमों में डीएसएम कीमत वेक्टर के पुनरीक्षण की व्यवस्था है। 2014 से विद्युत क्षेत्र में कई उपलब्धियां हुई हैं। इस पृष्ठभूमि में आयोग ने उभरती बाजार वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए फ्रिक्वेंसी सहित उनकी लिंकेज को शामिल करते हुए डीएसएम के सिद्धांतों की समीक्षा के लिए और ग्रिड के रक्षित और विभवसनीय प्रचालन की समीक्षा के लिए फ्रिक्वेंसी के मौजूदा प्रचालन बैण्ड की समीक्षा की आवश्यकता पर विचार किया।

तदनुसार आयोग ने निम्नलिखित प्रक्रियाओं को केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) (चौथा संशोधन) विनियम, 2018 को अधिसूचित किया।

विनियमों के संशोधन में डीएसएम कीमत वेक्टर के लिए संदर्भ फ्रिक्वेंसी बैण्ड (अर्थात 49.85 हर्टज से 50.05 हर्टज तक) के पुनरीक्षण के अलावा पावर एक्सचेंज के डेअहेड मार्केट क्षेत्र में पता लगाई गई दैनिक औसत एरिया क्लियरिंग कीमत में लिंकिंग द्वारा डीएसम वेक्टर (50 हर्टज की कीमत पर) के पुनरीक्षण की व्यवस्था है। संशोधन में 8 रुपये प्रति यूनिट तक की जाने वाली 50.00 हर्टज पर पावर एक्सचेंज के डीएएम क्षेत्र में पता लगाई गई औसत दैनिक एसीपी के लिए अधिकतम सीमा की व्यवस्था है और विनियमित एवं गैर विनियमित इकाइयों की अलग से कैप दरों की संबद्धता भी है। ग्रिड अनुशासन के लिए महत्वपूर्ण उपाय के लिए परिवर्तित मानदण्ड के लिए गैर अनुपालन के मामले में वित्तीय दण्ड की उगाही के लिए प्रावधान (एक दिशा में सतत विचलन) आरंभ किया गया।

v. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतरराज्यिक पारेषण प्रभारों की हानियों और शेयरिंग) (छठा संशोधन) विनियम, 2019

विद्युत मंत्रालय के आदेश सं. 23/12/2016 – आरएण्डआर 30 सितंबर, 2016 और 14 जून, 2017 के आदेश सं. 23/12/2016–आरएण्डआर के अधिक्रमण में, विद्युत मंत्रालय ने अधिसूचित किया कि सौर एवं पवन संसाधनों पर आधारित उत्पादन के लिए कोई अंतरराज्यिक पारेषण प्रभार और हानियां अन्य संबद्ध शर्तों की पूर्ति के अध्याधीन 31.03.2022 तक आरंभ की गई इस प्रकार की योजना द्वारा विद्युत की बिक्री के लिए अंतरराज्यिक पारेषण प्रणली के माध्यम से विद्युत के पारेषण पर उदगृहीत की जाएगी। आयोग ने उक्त पर विचार किया और केविविआ (अंतरराज्यिक पारेषण प्रभारों की हानियों और शेयरिंग) (छठा संशोधन) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया जिसमें व्यवस्था है कि आईएसटीएस नेटवर्क के उपयोग के लिए कोई पारेषण प्रभार और हानियां इस प्रकार की उत्पादन परियोजनाओं की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से 25 वर्षों की अवधि के लिए सौर एवं पवन ऊर्जा स्रोतों पर आधारित उत्पादन के लिए प्रतिदेय होंगी। यदि इस प्रकार उत्पादन क्षमता केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों के अनुसार प्रतिस्पर्धात्मक बोली के माध्यम से अवार्ड की गई हैं; इस प्रकार की उत्पादन क्षमता 13.02.2018 से 31.03.2022 के बीच वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित की गई है; विद्युत क्रय करार (करारों) को उनके नवीकरणीय

क्रय बाध्यताओं के अनुपालन के लिए वितरण कंपनियों सहित सभी इकाइयों को इस प्रकार की उत्पादन क्षमता की बिक्री के लिए निष्पादित किए गए हैं।

vi. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत का क्रॉस बार्डर व्यापार) विनियम, 2019

विद्युत अधिनियम, 2003 के संगत उपबंधों के अनुसार तथा विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विद्युत के आयात और निर्यात पर मार्गनिर्देशों पर आयोग ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत का क्रॉस बार्डर व्यापार) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया जो भारत तथा पड़ोसी देशों में सहभागी इकाइयों के लिए लागू हैं जो भारत में विद्युत के क्रास बार्डर व्यापार में लगे हुए हैं। तथापि भारत में स्थित इकाइयां जो भारत तथा किसी पड़ोसी देश के बीच विद्युत के क्रास बार्डर व्यापार के भारतीय ग्रिड के लिए संयोजकता या दीर्घकालिक पहुंच या मध्यकालिक निर्बाध पहुंच या अल्पकालिक निर्बाध पहुंच की मांग कर रहे हैं, संयोजकता विनियमों एवं एसटीओए विनियमों द्वारा अधिशासित जारी रहेंगे।

इन विनियमों में यह व्यवस्था है कि भारत तथा पड़ोसी देश (देशों) के बीच विद्युत के क्रास बार्डर व्यापार की व्यवस्था है। इकाइयों के बीच पारस्परिक करारों के माध्यम; से या बोली रूट के माध्यम; दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय करारों सहित; संबंधित देश (देशों) में प्रचलित विधियों के उपबंधों के अनुरूप भारत तथा पड़ोसी देश (देशों) के बीच हस्ताक्षरित करारों के समूचे फ्रेमवर्क के अधीन पड़ोसी देश (देशों) के इकाई (इकाइयों) तथा भारतीय इकाई (इकाइयों) के बीच पारस्परिक करारों के माध्यम से अनुमति होगी। तथापि त्रिपक्षीय करारों के माध्यम से भारत में विद्युत के क्रास बार्डर व्यापार तथा सहभागी इकाइयों के संबंधित पड़ोसी देशों की सरकारों तथा भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय करारों के समूचे फ्रेमवर्क के अधीन अनुमति होगी।

vii. केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण में संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच एवं मध्यकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करना और संबद्ध मामले) (सातवां संशोधन) विनियम, 2019

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने अधिसूचना सं. 238/78/2017–पवन दिनांक 14 मई, 2018 के माध्मय से ''राष्ट्रीय पवन सौर हाइब्रिड नीति'' जारी किया जिसका उद्देश्य पारेषण अवसंरचना की अधिकतम एवं कुशल उपयोग के लिए बड़े ग्रिड संबद्ध पवन सौर पीवी हाइब्रिड प्रणाली के उन्नयन के लिए फ्रेमवर्क की व्यवस्था है, नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में भिन्नता को कम करना और बेहतर ग्रिड स्थिरता प्राप्त करने की व्यवस्था है। इस नीति का उद्देश्य नई तकनीक, नई पद्धतियों तथा भवन एवं सौर पीवी संयंत्रों के संयुक्त प्रचालन को शामिल करते हुए प्रोत्साहित करना है। उक्त नीति पर विचार करने के बाद आयोग ने केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण में संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच एवं मध्यकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करना और संबद्ध मामले) (सातवां संशोधन) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया।

इन विनियमों को नवीकरणीय ऊर्जा केन्द्र (केन्द्रों) की ओर से नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा पदनामित इकाई, नवीकरणीय पावर पार्क विकासकर्ता के रूप में केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत नवीकरणीय पावर पार्क, नवीकरणीय हाइब्रिड उत्पादन सहित या स्टोरेज के बिना जैसी नवीकरणीय परियोजनाओं की नई श्रेणी को आरंभ किया और स्टैण्ड अलोन स्टोरेज परियोजना आईएसटीएस को एलटीए एवं इस प्रकार की संयोजकता की मांग के लिए पात्र बनाई गई है। संयोजकता प्रदान करने के लिए आवेदनों को समय समय से जारी विस्तृत क्रियाविधि के अनुसार दो चरणों में (चरण 1 संयोजकता और चरण 2 संयोजकता) में प्रोसेस किया जाएगा।

6.3 विद्युत बाजारः व्यापार, पावर एक्सचेंज

और निर्बाध पहुंच

6.3.1 अन्तरराज्यिक व्यापार अनुज्ञप्ति

आयोग ने विद्युत व्यापार गतिविधियों के विनियमन के लिए फरवरी, 2009 में केविविआ (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने की क्रियाविधि, निबंधन एवं शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम 2009 को अधिसूचित किया। 31.03.2019 को आयोग ने विद्युत में अन्तरराज्यिक व्यापार के लिए 82 आवेदकों को व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान की। इसमें 45 व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों ने अपने अनुज्ञप्तियों को अभ्यर्पित किया/बहाल किया। शेष 37 अनुज्ञप्तिधारियों में 25 अनुज्ञप्तिधारियों ने वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान व्यापार किया।

आयोग ने 11.01.2010 की अधिसूचना के माध्यम से केविविआ (व्यापार मार्जिन का निर्धारण) विनियम 2010 जारी किया। इन विनियमों के अनुसार विद्युत के अन्तरराज्यिक व्यापार के लिए उन अनुज्ञप्तिधारियों को 7 पैसे/किलोवाट घण्टे से अधिक व्यापार मार्जिन को प्रभारित करने की अनुमति नहीं है यदि विद्युत की विक्रय कीमत 3 रुपये/किलोवाट घण्टे से अधिक है और 4 पैसे/किलोवाट घण्टे जहां बिक्री कीमत 3रुपये/किलोवाट घण्टे से कम या बराबर है। इस मार्जिन में अनुसूचित विद्युत, निर्बाध पहुंच और पारेषण हानियों के लिए प्रभारों को छोड़कर सभी प्रभार शामिल है। व्यापार मार्जिन विद्युत की अनुसूचित मात्रा पर प्रभारित किया जाता है।

6.3.2 पावर एक्सचेंज

दो पावर एक्सचेंज अर्थात भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज लि (आईईएक्स) नई दिल्ली, और मैसर्स पावर एक्सचेंज इंडिया लि. (पीएक्सआईएल) मुबंई भारत में प्रचालन में है। आईईएक्स और पीएक्सआईएल में क्रमशः 27 जून 2008 और 22 अक्टूबर 2008 से प्रचालनों को आरंभ किया।

जनवरी 2010 में आयोग ने विद्युत बाजार के विनिमयों और विकास के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत बाजार) विनियम 2010 जारी किया। इस विनियम का उद्देश्य व्यापक बाजार ढांचे के सृजन मे मदद करना था और विद्युत बाजार में सभी प्रकार के संभव उत्पादों के संव्यवहार, कार्यनिष्पादन और उसका कान्ट्रेक्ट करना था। इसके बाद पावर एक्सचेंज की पारदर्शी निगमित सुशासन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत बाजार) प्रथम संशोधन, विनियम 2014 के माध्यम से पावर एक्सचेंज के बोर्ड के निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हकताओं और अनर्हकताओं की व्यवस्था की।

आयोग ने ''पावर एक्सचेंज पर विस्तारित बाजार सत्र'' और याचिका संख्या 006/एसएम/2015 के मामले में 8 अप्रैल, 2015 के माध्यम से इस आदेश को जारी करने की तारीख से 3 महीने के अंदर 24X7 अंतःदिवस/आकस्मिक बाजार (विस्तारित बाजार सत्र) के प्रचालन के लिए पावर एक्सचेंजों को निर्देश दिया। आयोग का आदेश दोनों पावर एक्सचेंजों द्वारा कार्यान्वित किया गया और विस्तारित बाजार सत्र 20 जुलाई 2015 से प्रचालनीय किया गया।

6.3.3 बाजार निगरानी प्रकोष्ठ

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग का एक बाजार निगरानी प्रकोष्ठ ''विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहारों पर मासिक रिपोर्ट'' प्रकाशित करता है जो अगस्त 2008 से नियमित रूप से केविविआ की वेबसाइट पर पोस्ट किया जा रहा है।

विद्युत का अल्पकालिक संव्यवहार व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों (द्विपक्षीय संव्यवहार) पावर एक्सचेंजों और विचलन व्यवस्थापन तंत्र (पूर्व अननुसूचित अंतःपरिवर्तन) के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत का उल्लेख करता है। (i) रिपोर्ट का उद्देश्य है कि विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की मात्रा और मूल्य में प्रवृत्तियों पर ध्यान देना। (ii) बाजार के व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धा का विश्लेषण करना (iii)

स्टेकहोल्डरों को संगत बाजार सूचना प्रसारित करना। (iv) व्यापारियों द्वारा निष्पादित द्विपक्षीय कांट्रेक्टो को विभलेषित करना। (v) नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों की मात्रा और कीमत को विश्लेषित करना और (vi) स्टेकहोल्डरों को संगत बाजार सूचना प्रसारित करना।

बाजार मॉनिटरिंग कक्ष अल्पकालिक विद्युत संव्यवहारों पर वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करता है। अल्पकालिक संव्यवहारों की प्रवृत्तियां नीचे दी गई हैं–

विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की मात्रा (बिलियन यूनिट)				
वर्ष	व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों के माध्यम से विद्युत संव्यवहार	पावर एक्सचेंजों (आई ईएक्स और पीएक्स आईएल) के माध्यम से विद्युत संव्यवहार	डीएसएम की मात्रा	डिस्काम के बीच प्रत्यक्षतः संव्यवहारित विद्युत
2009-10	26.72	7.19	25.81	6.19
2010-11	27.70	15.52	28.08	10.25
2011-12	35.84	15.54	27.76	15.37
2012-13	36.12	23.54	24.76	14.52
2013-14	35.11	30.67	21.47	17.38
2014-15	34.56	29.40	19.45	15.58
2015-16	35.43	35.01	20.75	24.04
2016-17	33.51	41.12	23.22	21.38
2017-18	38.94	47.70	24.21	16.77
2018-19	47.32	53.52	25.13	19.23

कुल विद्युत उत्पादन के संबंध में विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कुल मात्रा			
वर्ष	विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कुल मात्रा (बिलियन यूनिट)	कुल विद्युत उत्पादन (बिलियन यूनिट)	कुल विद्युत उत्पादन के प्रतिशत के रूप में विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कुल मात्रा
2009-10	65.90	768.43	9%
2010-11	81.56	811.14	10%
2011-12	94.51	876.89	11%
2012-13	98.94	912.06	11%
2013-14	104.64	967.15	11%
2014-15	98.99	1048.67	9%
2015-16	115.23	1107.82	10%
2016-17	119.23	1157.94	10%
2017-18	127.62	1202.97	11%
2018-19	145.20	1245.32	12%

व्यापारियों और पावर एक्सचेंजों द्वारा विद्युत के अल्पकालिक संव्यवहार की कीमत (₹/किलोवाट घंटा)			
वर्ष	व्यापार के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत (₹/किलोवाट घंटा)	पावर एक्सचेंजों के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत (डीएएम+टीएएम) (₹/किलोवाट घंटा)	डीएसएम के माध्यम से संव्यवहारित विद्युत की कीमत
2009-10	5.26	4.96	4.62
2010-11	4.79	3.47	3.91
2011-12	4.18	3.57	4.09
2012-13	4.33	3.67	3.86
2013-14	4.29	2.90	2.05
2014-15	4.28	3.50	2.26
2015-16	4.11	2.72	1.93
2016-17	3.53	2.50	1.76
2017-18	3.59	3.45	2.03
2018-19	4.28	4.26	2.68

6.3.4. बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजनार्थ अभिवृद्धि कारकों तथा अन्य मानकों की अधिसूचना

वर्ष 2005 में विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी किए गए "वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विद्युत की अवाप्ति के लिए बोली प्रक्रिया द्वारा टैरिफ के अवधारण के लिए मार्ग निर्देश" के अनुसार आयोग से बोली मूल्यांकन और भुगतान के प्रयोजन के लिए प्रत्येक 6 माह में विभिन्न घटकों और अन्य मानकों की अधिसूचना अपेक्षित है। तदनुसार आयोग ने 22.06.2018 और 15.10.2018 की अधिसूचना के माध्यम से उत्पादन परियोजनाओं के लिए वृद्धि घटकों और अन्य मानकों को अधिसूचित किया और 06.04.2018 और 09.10.2018 की अधिसूचना के माध्यम से पारेषण परियोजनाओं के लिए वृद्धि घटकों और अन्य पैरामीटरों को अधिसूचित किया।

6.4 थर्मल उत्पादन

केन्द्रीय आयोग केन्द्रीय क्षेत्र की थर्मल पावर उत्पादन कंपनियों अर्थात एनटीपीसी लि., उत्तर–पूर्वी विद्युत पावर कार्पोरेशन लि. (नीपको), नेवेली लिग्नाईट कार्पोरेशन (एनएलसी), दामोदर घाटी निगम (डीवीसी), संयुक्त उद्यम कंपनियों जैसे कंपनियों के टैरिफ को नियमित करता है जिसमें सीपीएसयू और आईपीपी शामिल है जिन्होंने आरंभ की गई प्रतिस्पर्धा टैरिफ आधारित बोली की निर्धारित अवधि से पूर्व दीर्घकालीन हिताधिकारियों के साथ पीपीए हस्ताक्षरित किया।

31.03.2019 को एनटीपीसी लिमिटेड के उत्पादन केन्द्रों की कुल संस्थापित क्षमता **50888.31** मेगावाट है जिसमें कोयले पर **39980** मेगावाट (पिट एवं गैर पिटहेड) और कोयले और गैस दोनों एवं प्राकृतिक गैस/तरल ईंधन पर आधारित **4017.23** मेगावाट सहित एनटीपीसी संयुक्त उद्यम/अनुषंगी पर 6891.08 मेगावाट है। वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान एनटीपीसी ने 250 मेगावाट आईसी के बोंगईगांव एसटीपीएस के यूनिट–3 के आंरभ से, 660 मेगावाट आईसी सोलापुर एसटीपीएस का यूनिट–2 और 2x110 मेगावाट आईसीटी के बरौनी टीपीएस के अधिग्रहण की कुल 1130 मेगावाट क्षमता को जोड़ा। वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान एनटीपीसी ने 705 मेगावाट आईसी के बदरपुर टीपीएस को समाप्त किया। अप्रवर्तित 31.03.2019 को कुल 38 कोयला आधारित थर्मल स्टेशन (पिट एवं गैर पिट शीर्ष), 07 गैस आधारित स्टेशन है। एनटीपीसी के कुल 09 संयुक्त उद्यम हैं जिनकी 6891.08 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता है। 31.3.2019 को संस्थापित क्षमता तथा एनटीपीसी के प्रत्येक उत्पादनकारी

स्टेशन/यूनिट की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख अनुबंध II में दी गई है।

निवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन

31.3.2019 को निवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन के उत्पादन केन्द्रों के कुल संस्थापित क्षमता 3140 मेगावाट है। वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान, टीपीएस स्टेज–1 की 100 मेगावाट क्षमता का यूनिट–7 दिनांक 22.09.2018 को समाप्त हो गया। वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान, कोई नई क्षमता वृद्धि नहीं हुई। एनएलसी के प्रत्येक उत्पादन केन्द्र का वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख और संस्थापित क्षमता अनुबंध-III में दी गई है।

दामोदर वेली कार्पोरेशन

31.3.2019 को डीवीसी के उत्पादन केन्द्रों की कुल संस्थापित क्षमता 7090 मेगावाट है। वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान, डीवीसी की कोई नई क्षमता वृद्धि नहीं हुई। 31.3.2019 को संस्थापित क्षमता तथा डीवीसी के प्रत्येक उत्पादन केन्द्र/यूनिट के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख अनुबंध-IV में दी गई है।

2014–19 अवधि के लिए टैरिफ

आयोग ने डीवीसी के निम्नलिखित 1(एक) केन्द्र के लिए 2014–19 के लिए टैरिफ, अर्थात बोकारो–ए थर्मल पावर स्टेशन यूनिट (500 मेगावाट) अनुमोदित किया।

उत्तर पूर्वी विद्युत पावर कार्पोरेशन (नीपको)

31.3.2019 को नीपको लि. के उत्पादन केन्द्रों की कुल संस्थापित संस्था गैस आधारित थर्मल उत्पादन केन्द्रों का 527 मेगावाट है। प्रत्येक उत्पादन केन्द्र के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख और संस्थापित क्षमता अनुबंध-V में दी गई है।

विविध

थर्मल पावर स्टेशनों के लिए 31.3.2019 को ऊर्जा प्रभारों जो केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम जैसे एनटीपीसी, डीवीसी, नीपको, ओटीपीसीएल और एनएलसीआईएल से संबंधित है वह अनुबंध-VI में

संलग्न है।

अवधि 2014–19 के लिए स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों के थर्मल केन्द्रों के लिए टैरिफ

आयोग ने दिनांक 29.06.2018 (सं.61/जीटी/2016) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से 31.03.2014 तक की अवधि के लिए टैरिफ का ट्रूइंगअप और 01.04.2014 से 31.03.2019 तक की अवधि के लिए जीएमआर कमलंगा एनर्जी लि. के कमलंगा थर्मल पावर प्लांट (1050 मेगावाट) के टैरिफ को अनुमोदित किया।

आयोग के आदेशों के पुनरीक्षण याचिकाएं:

- याचिका संख्या 89/एमपी/2016 में 2.11.2017 के आयोग के आदेश का पुनरीक्षण जिसमें प्रगति–3 समन्वित साइकल विद्युत परियोजना द्वारा उपलब्धता की घोषणा के संबंध में पीपीसीएल के साथ बीआरपीएल एवं बीवाईपीएल के बीच विवादों के अधिनिर्णय की मांग की गई।
- यूनिट 1 और 2 के वाणिज्यिक प्रचालन की घोषणा की तारीख से 31.3.2019 तक की अवधि के लिए कोयला आधरित एनएलसी तमिलनाडु पावर लि. (टीपीएस 1000 मेगावाट) के टैरिफ के अनुमोदन के संबंध में मामले में याचिका सं. 135/जीटी/2015 में 11.7.2017 के आदेश का पुनरीक्षण।
- वाणिज्यिक प्रचालन की वास्तविक तारीख से 31.3.2019 तक की अवधि के लिए सर्कुलेटिंग फ्लूडाइज्ड बैड कम्पलशन तकनीक आधारित एनएलसी थर्मल पावर स्टेशन 2 विस्तार यूनिट I – II (2 x 250 MW) के टैरिफ के अनुमोदन के संबंध में मामले में याचिका सं. 146/जीटी/2015 में माननीय आयोग द्वारा पारित 24.7.2017 के आदेश का पुनरीक्षण।
- 2014–19 की अवधि के लिए एनएलसी लि. के सीएफडीसी तकनीक आधारित बरसिंगसर थर्मल पावर प्लांट (2x125 MW) के टैरिफ के अनुमोदन के संबंध में याचिका सं. 255/जीटी/2014 में 3.5.2017 के आयोग के आदेश का पुनरीक्षण।

थर्मल उत्पादन में आयोग द्वारा अन्य विषय (विविध याचिकाएं):

- कर्नाटक लि. की पावर कंपनी द्वारा आरंभ की गई टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के अनुसार विद्युत की प्राप्ति से संबंधित कर्नाटक लि. की पावर कंपनी और एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लि. के बीच विवाद के अधिनिर्णय के बीच विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1)(बी) के साथ पठित 79 (1)(एफ) के अधीन याचिका (229/एमपी/2017)
- कोयले की गैर उपलबधता के कारण अरावली पावर कंपनी प्रा. लि. के इन्दिरा गांधी सुपर थर्मल पावर स्टेशन (3×500 MW) के मानकीय वार्षिक संयंत्र उपलब्धता घटक की छूट के लिए केविविआ (कारोबार का संचालन) (संशोधन) विनियम, 1999 के विनियम 111 और केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम, 2014 के विनियम 36(क) और 54 तथा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 और 64 के साथ पठित धारा 79 (1)(क) के अधीन याचिका (89/एमपी/2018)
- बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन को प्रभावित करने वाली विधि में परिवर्तन के कारण राहत के लिए केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम, 2014 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1)(क) के अधीन याचिका (2016 के आईए संख्या 6 सहित 33/एमपी/2016)
- ग्रिडकोड के उपबंध 6.3क के संबंध में केविविआ (कारोबार का संचालन) विनियम,

1999 के विनियम 111 के साथ पठित केविविआ (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम, 2010 (यथासंशोधित) के भाग 7 विनियम 4 के अधीन याचिका (66/एमपी/2017)

- याचिका (66/एमपी/2016) जिसमें बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन के स्टेज–2 यूनिट (2×210 MW) के लिए वार्षिक नियत प्रभारों के लिए अवधारण/स्टेज –1 यूनिट (3×95 MW) के गैर प्रवर्तन और/या समाप्ति की मांग की गई।
- "विधि में परिवर्तन" के रूप में 25.1.2016 की पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार के तदंतर फ्लाईएश परिवहन लागत की शेयरिंग के कारण उपगत अतिरिक्त व्यय की वसूली के लिए केविविआ (कारोबार का संचालन) विनियम, 1999 के विनियम 111 के साथ पठित केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम, 2014 के विनियम 8(3)(ii) और 8(3) के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62(क) और 79(1)(क) के अधीन याचिका (172/एमपी/2016)
- रेलवे वेगन टॉप से लिए गए नमूने से कोयले के जीसीवी के परिमापन पर परिणामी आदेश के लिए और कठिनाइयों के निराकरण के लिए केविविआ (कारोबार का संचालन) विनियम, 1999 के विनियम 111 और 115 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 के अधीन याचिका (244/एमपी/2016)
- थर्मल पावर स्टेशनों के लिए संशोधित पर्यावरण माददण्डों के अनुपालन के लिए पर्यावरण तथा वन एवं जलवायु तथा परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 7.12.2015 के अनुपालन के लिए विस्तृत रूप में विभिन्न नियंत्रण प्रणालियों की स्थापना पर व्यय के अनुमोदन के लिए केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम 2014 के विनियम 8(3)(ii) और विनियम 14(3)(ii) के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 के अधीन याचिका (98/एमपी/2017)
- बदरपुर थर्मल पावर स्टेशन के स्टेज–2 को प्रभावित करने वाले विधि में परिवर्तन के कारण राहत के लिए केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम 2014 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(1)(क) और धारा 79(1)(एफ)के अधीन याचिका (14/एमपी/2017)
- केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम 2014 के विनियम 30 और विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(1)(क), 79(1)(ख), 79(1)(एफ) के अधीन याचिका (93/एमपी/2017) जिसमें उत्पादन केन्द्रों के मासिक ऊर्जा बिलों में मेथान पावर लि. और एनटीपीसी द्वारा दावा किया गया "अन्य प्रभारों" के भुगतान पर स्पष्टीकरण की मांग की गई और टैरिफ आदेशों में आयोग द्वारा अनुमोदित वार्षिक नियत लागत टैरिफ अवधि 2014–19 के लिए उच्चतर "वार्षिक नियत लागत" के दावे की मांग की गई।
- केविविआ (कारोबार का संचालन) (संशोधन) विनियम, 2013 के विनियम 103(1) के संबंधित उपबंधों के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 94(1)(एफ) के अधीन याचिका याचिका (225/एमपी/2017) जिसमें असम गैस आधारित विद्युत संयंत्र के संबंध में केविविआ (टैरिफ की निबंधन व शर्तें) विनियम, 2014 के विनियम 54 (छूट की शक्ति) के उपबंधों के अधीन ईंधन गैस के अपर्याप्त उपलब्धता के कारण क्षमता प्रभार की हानि के लिए क्षतिपूति की मांग की गई।
- याचिका (54/एमपी/2018) जिसमें बिलों

के तदंतर अल्प प्रवेश और नवंबर 11 से दिसंबर 2017 तक राजस्थान में बरसिंगसर थर्मल पावर स्टेशन की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख से एबीटी के गैरअनुपालन के जारी करने पर एनएलसी और राजस्थान डिस्कॉम के बीच विवाद के अधिनिर्णय की मांग की गई।

- केविविआ (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) (चौथा संशोधन) विनिमय 2016 के अनुसार आयोग द्वारा अधिसूचित 5.5.2017 के यूनिट के मल्टीपल स्टार्ट/स्टॉप एवं आंशिक भारत प्रचालन के कारण अनुषंगी ऊर्जा उपभोग एवं द्वितीय ईंधन उपभोग, हीट दर के अवनयन के लिए क्षतिपूर्ति हेतु तंत्र और रिजर्व शटडाउन के अधीन यूनिट (यूनिटों) के लिए विस्तृत प्रचालन प्रक्रिया के कार्यान्वयन में सामना की गई कठिनाइयों के संबंध में केविविआ (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनिमय 2010 के भाग 7 खण्ड 4 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 के अधीन याचिका (267/एमपी/2017)

- याचिका (31/एमपी/2018) जिसमें 1.1.2012 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए एनएलसीआईएल पावर स्टेशनों के हिताधिकारियों से वसूली की अनुमति के लिए और एनएलसीआईएल बरसिंगसर थर्मल पावर स्टेशन (2X125 मेगावाट) और एनएलसीआई टीपीएस–1 विस्तार (2X210 मेगावाट), एनआईसीएएल, टीपीएस–2 सेज–2 (4X210 मेगावाट) एनएलसीआईएल टीपीएस 2 स्टेज 2 (3X210 मेगावाट) एनएलसीआईएल पावर स्टेशन अर्थात एनएलसीआईएल टीपीएस 1 (600 मेगावाट) जैसे एनएलसीआईएल पावर स्टेशनों में तैनात कर्मचारियों (गैर कार्यकारी एवं वर्कमैन) को 1.1.2012 से वेतन पुनरीक्षण एवं अन्य वेतन वृद्धि के कारण एनएलसीआईएल थर्मल पावर स्टेशन द्वारा उपगत प्रचालन एवं रखरखाव खर्चों में वृद्धि की मांग की गई।

- याचिका (32/एमपी/2018) जिसमें एनएलसीआईएल पावर स्टेशनों अर्थात 1.1.2012 से 31.3.2014 तक की अवधि के लिए हिताधिकारियों से वसूली की अनुमति के लिए और एनएलसीआईएल बरसिंगसर थर्मल पावर स्टेशन (2X125 मेगावाट) और एनएलसीआई टीपीएस–1 विस्तार (2 X 210 मेगावाट), एनआईसीएएल, टीपीएस–2 स्टेज–2(4X210 मेगावाट) एनएलसीआईएल टीपीएस 2 स्टेज 2 (3X210 मेगावाट) एनएलसीआईएल पावर स्टेशन अर्थात एनएलसीआईएल टीपीएस 1 (600 मेगावाट) जैसे एनएलसीआईएल पावर स्टेशनों में संबद्ध खनन में तैनात कर्मचारियों (गैर कार्यकारी एवं वर्कमैन) को 1.1.2012 से वेतन पुनरीक्षण एवं अन्य वेतन वृद्धि के कारण एनएलसीआईएल के खनन द्वारा उपगत प्रचालन एवं रखरखाव खर्चों में वृद्धि की मांग की गई।
- प्रचालन अवधि के दौरान लागत और राजस्व को प्रभावित करते हुए विधि में परिवर्तन के कारण क्षतिपूर्ति के लिए प्राप्तकर्ताओं एवं सासन पावर लि. के बीच नि पादित 7.8.2007 के विद्युत क्रय करार अनुच्छेद के 13.2(ख) और प्रतिस्पर्धात्मक बोली के माध्यम से विद्युत की प्राप्ति को अधिशासित करने वाले सांविधिक फ्रेमवर्क के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 के अधीन याचिका (133/एमपी/2016)
- विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 और प्रतिस्पर्धात्मक बोली मार्गनिर्देशों के खण्ड 4.7 के साथ पठित 22.4.2007 के विद्युत क्रय करार अनुच्छेद 13 के अधीन याचिका (77/एमपी/2016)
- प्रचालन अवधि के दौरान उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लि./दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लि. के साथ अदानी पावर लि. द्वारा नि पादित 7.8.2008 के विद्युत क्रय करार और गुजरात ऊर्जा विकास निगम लि. के साथ अदानी पावर लि. द्वारा नि पादित 2.2.2007 और 6.2.2007 के विद्युत क्रय करारों के अनुच्छेद 13 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 के अधीन याचिका (235/एमपी/2015)
- याचिकाकर्ता सं. 1 और प्रतिवादी के बीच नि पादित 22.12.2015 के एनआईटी के शर्तों के साथ पठित 18.1.2016 के एलओए के अनुसार विधि में परिवर्तन से संबंधित घटना के कारण क्षतिपूर्ति का दावा करने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(1)(बी) एवं 79(1)(एफ) के अधीन (158/एमपी/2017)
- प्रचालन अवधि के दौरान केएसके महानदी पावर कंपनी लि. और टेनगेटको के बीच 27.11.2013 के पीपीए के उपबंधों के अनुसार परिवर्ती राहत और विधि में परिवर्तन से उदभूत क्षतिपूर्ति के लिए दावों के अधिनिर्णय के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(1)(बी) और 79(1)(एफ) के अधीन याचिका (179/एमपी/2016)
- प्रचालन अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में वितरण अनुज्ञप्तिधारियों और केएसके महानदी पावर कंपनी लि. के बीच 26.02.2014 के पीपीए के उपबंधों के अनुसार परिवर्ती राहत और विधि में परिवर्तन से उदभूत क्षतिपूर्ति के लिए दावों के अधिनिर्णय के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79(1)(बी) और 79(1)(एफ) के अधीन याचिका (171/एमपी/2016)
- याचिकाकर्ता द्वारा उपगत वास्तविक ईंधन लागत पर आधारित पासथ्रू के रूप में ऊर्जा प्रभार के लिए निर्देशों हेतु 5.1.2011 के विद्युत आपूर्ति करार के उपबंधों के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79



के लिए याचिका (305 / एमपी / 2015)

- प्रचालन अवधि के दौरान केएसके महानदी पावर कंपनी लि. और टेनगेटको के बीच 27.11.2013 के पीपीए के उपबंधों के अनुसार परिवर्ती राहत और विधि में परिवर्तन से उदभूत क्षतिपूर्ति के लिए दावों के अधिनिर्णय के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1)(बी) और 79(1)(एफ) के अधीन याचिका (170 / एमपी / 2016)
- याचिकाकर्ता और प्रतिवादी के बीच नि पादित 26.02.2007 (पीपीए) अनुच्छेद 13 के अनुसार विधि में परिवर्तन से संबंधित घटना के कारण क्षतिपूर्ति का दावा करने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1)(बी) एवं 79(1)(एफ) के अधीन याचिका (239 / एमपी / 2017)

6.5 हाइड्रो उत्पादन

वर्ष 2018–19 के दौरान आयोग ने सीपीएसयू द्वारा अर्थात एनएचपीसी, एनएचडीसी, एसजेवीएनएल, एनटीपीसी, टीएचडीसी, डीवीसी और बीबीएमबी और एक राज्य स्वामित्व की विद्युत केन्द्र अर्थात मैसर्स जेएस डब्ल्यू हाइड्रो ऊर्जा लि. (पहले मैसर्स हिमाचल बस्पा पावर कं. लि.) एक आईपीपी केन्द्र तथा टीयूएल जो उत्तरी, पूर्वी तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में स्थित है। वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान निम्नलिखित हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजनों ने सीओडी को प्राप्त किया।

i. नीपको का टयूरियल एच.ई.पी.

ii. नीपको का पारे एच.ई.पी.

iii. एनएचपीसी का किशनगंगा एच.ई.पी.

31.3.2019 को संस्थापित क्षमता और विभिन्न प्रकार के हाइड्रो उत्पादन केन्द्र प्रत्येक के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख अनुबंध-VII में दी गई है।

2018–19 के दौरान निम्नलिखित

याचिकाएं ली गईः

i. 2014–19 में उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिकाओं के निम्नलिखित हाइड्रो स्टेशनों का निपटान किया गया–

क्र. सं.	स्टेशन का नाम	कंपनी
1	कोलडम	एनटीपीसी
2	कोटेश्वर	टीएचडीसी
3	बीबीएमबी के उत्पादन केन्द्र	बीबीएमबी
4	टयूरियल	नीपको

ii. 2014–19 में उत्पादन टैरिफ प्रावधानों के अनुमोदन के लिए याचिकाओं के निम्नलिखित हाइड्रो स्टेशनों का निपटान किया गया–

क्र. सं.	स्टेशन का नाम	कंपनी
1	किशनगंगा	एनएचपीसी

iii. निम्नलिखित हाइड्रो केन्द्रों की 2009–14 की अवधि के लिए ट्रू अप/अंतिम उत्पादन टैरिफ के अनुमोदन के लिए याचिकाओं का निपटान किया गया–

क्र. सं.	स्टेशन का नाम	कंपनी
1	कोटेश्वर	टीएचडीसी

हाइड्रो विद्युत ऊर्जा संयंत्रों की निम्नलिखित विविध याचिकाओं का निपटान किया:

- ''नाथपा झाकरी और रामपुर हाइड्रो विद्युत केन्द्रों की क्षमता की घोषणा और अनुसूचीकरण पर 24.2.2016 और 22.4.2016 की उत्तर पूर्व विद्युत समिति की 120वीं और 122वीं ओसीसी बैठकों के कार्यवृत्त'' के मामले में और 412 मेगावाट के रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन (6 x 68.67 MW) तथा 1500 मेगावाट के नाथफा झाकरी हाइड्रो पावर स्टेशन (6 x 250 MW) की घोषित क्षमता के विचार के लिए याचिका (19/एमपी/2017)

- ''नाथपा झाकरी और रामपुर हाइड्रो विद्युत केन्द्रों की क्षमता की घोषणा और अनुसूचीकरण पर 24.2.2016 और 22.4.2016 की उत्तर प्रादेशिक क्रय विद्युत समिति की 120वीं और 122वीं ओसी बैठकों के कार्यवृत्त'' के मामले में और 412 मेगावाट के रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन (6 x 68.67 MW) तथा 1500 मेगावाट के नाथपा झाकरी हाइड्रो पावर स्टेशन (6 x 250 MW) की घोषित क्षमता के विचार के लिए याचिका (150/एमपी/2016)

- केविविआ (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम 2010 के अनुसार ओवर रोड क्षमता सहित स्थापित क्षमता की तदनुरूपी रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन (6 x 68.67 MW) तथा नाथपा झाकरी हाइड्रो पावर स्टेशन (6 x 250 MW) की घोषित क्षमता के विचार के लिए याचिका (74/एमपी/2018)

- 31.3.2018 से 31.3.2020 तक कोलडम हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (4 x 200 MW) की कटआफ तारीख के विस्तार के लिए याचिका (228/एमपी/2018)

- केविविआ (कारोबार का संचालन) विनियम 1999 के विनियम 111 के साथ पठित केविविआ (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) विनियम 2010 के भाग 7 के विनियम 4 के अधीन याचिका (35/एमपी/2017) जिसमें यूपीआरबीयूएनएल के विंटास यूनिटों के लिए आरजीएमओ/एफजीएमओ के कार्यान्वयन के अपेक्षा के संबंध में विनियम 5.2(एफ) की छूट की मांग की गई।

हाइड्रो उत्पादन केन्द्रों के संबंध में टैरिफ के ब्यौरे अनुबंध-VIII में दिए गए हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा

वर्ष 2017–18 के दौरान आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विनियम से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन व शर्तों को अधिसूचित किया जिसके माध्यम से आयोग ने विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा तकनीक पर आधारित ग्रिड पारस्परिक क्रिया विद्युत परियोजनाओं के लिए टैरिफ अवधारण के लिए प्रचालनगत मानदण्ड और तकनीकी पैरामीटर, वित्तीय सिद्धांत, टैरिफ संरचना और डिजाइन को विनिर्दिष्ट किया जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ पवन ऊर्जा, लघु हाइड्रो बायोमास (रेंकिन साइकल पर आधारित) सौर (पीवी व थर्मल) बायोमास, बायोगैस, म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट/रिफ्यूजड डिराइवड ईंधन परियोजना रेंकिन साइकल तकनीक पर आधारित) इत्यादि शामिल है।

आयोग ने नवीकरणीय या नवीकरणीय पारंपरिक स्रोतों को शामिल करते हुए अन्य हाइब्रिड परियोजना बायोगैस आधारित परियोजना (यदि परियोजना विकासकर्ता द्वारा अपनाई गई है) बायोमास गैसीफायर आधारित परियोजना (परियोजना विकासकर्ता द्वारा अपनाई गई है) रिफ्यूजड डिराइवड ईंधन आधारित परियोजनाएं तथा म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट, पवन ऊर्जा (ऑनश्योर और ऑफश्योर सहित) सौर पीवी एवं सौर थर्मल के संबंध में जेनरिक टैरिफ अवधारण से प्रस्थान किया जिसके लिए नवीकरणीय तकनीक एमएनआरई द्वारा अनुमोदित है। इन नवीकरणीय ऊर्जा तकनीक के संबंध में परियोजना विनिर्दिष्ट टैरिफ अगली नियंत्रण अवधि के लिए (2017–20) के लिए अवधारित होगा।

नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ आदेश 2019 :– पिछले वर्ष के आदेश की तुलना में इस टैरिफ आर्डर में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं:

क) एमसीएलआर दर में परिवर्तन के साथ, ऋण पर

ब्याज और कार्यशील पूंजी पर ब्याज को संशोधित और नीचे पुनः प्रस्तुत किया गया है:

संघटक	वित्तीय वर्ष 2018–19	वित्तीय वर्ष 2019–20
ऋण पर ब्याज	9.97%	10.41%
कार्यशील पूंजी पर ब्याज	10.97%	11.41%

क) निगमित कर को 29.12 प्रतिशत माना गया है।

ख) तदनुसार, डब्ल्यूएसीसी को 9.36 प्रतिशत से 9.08 प्रतिशत तक संशोधित किया गया है।

ग) बायोमास, बगासे और बायोगैस आधारित परियोजनाओं के लिए, संबंधित राज्यों के लिए ईंधन की कीमतों में परिवर्तन (पिछले वर्ष की कीमतों में 5 प्रतिशत की वृद्धि)

घ) सभी तकनीकों के लिए ओएण्डएम लागत में परिवर्तन (पिछले वर्ष की लागत से 5.72 प्रतिशत तक की वृद्धि)

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए टैरिफ के ब्योरे जो आयोग द्वारा अवधारित है अनुबंध-IX में दिए गए है।

पारेषण

देश में पारेषण प्रणाली में तेज गति से विकास हो रहा है और आयोग टैरिफ के निर्धारण, ट्रूइंग अप याचिकाएं तथा संयोजकता से संबंद्ध विविध याचिकाएं, निर्बाध पहुंच, अन्तरराज्यिक पारेषण प्रभारों की शेयरिंग तथा विचलन व्यवस्थापन तंत्र एवं ग्रिड संबद्ध मुद्दों से संबंधित वृहत कार्य का संचालन करता है।

पारेषण टैरिफ

आयोग ने टैरिफ अवधि 2014–19 के दौरान आरंभ की जाने वाली प्रत्याशित/आरंभ की गई पारेषण आस्तियों के लिए अनंतिम आदेशों सहित अन्तरराज्यिक पारेषण प्रणाली से संबद्ध याचिकाओं में कई आदेश जारी किए। अधिकांश टैरिफ याचिकाएं केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम, 2009 के अधीन 2009–14 टैरिफ अवधि के लिए पारेषण टैरिफ के ट्रूइंग अप से संबद्ध पावर ग्रिड द्वारा दाखिल की गई और केविविआ के अधीन (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम, 2014 के लिए पारेषण टैरिफ के निर्धारण के लिए दाखिल की गई और कई याचिकाएं केविविआ (टैरिफ की निबंधन और शर्तें) विनियम, 2014 के अधीन 2018–19 के दौरान आंरभ की जाने वाली प्रत्याशित/आरंभ की गई आस्तियों के लिए टैरिफ के अनुमोदन के लिए थी।

आयोग ने 01.04.2014 से 31.03.2019 की नियंत्रण अवधि के लिए प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्रों के लिए केविविआ (प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र के फीस व प्रभार तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2009 के विनियम 5 के अधीन फीस व प्रभारों की ट्रूइंग अप के संबंध में आदेश जारी किए।

निर्बाध पहुंच का प्रवर्तन

निर्बाध पहुंच विद्युत अधिनियम 2003 का एक महत्वपूर्ण घटक है। आयोग को अन्तरराज्यिक पारेषण प्रणलियों के लिए निर्बाध पहुंच को सरल बनाने के कार्य का दायित्व सौंपा गया है। आयोग ने केविविआ (अन्तरराजियक पारेषण में दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक पहुंच तथा संयोजकता प्रदान करना व संबद्ध मामले) विनियम, 2009 और केविविआ (अन्तरराजियक पारेषण में निर्बाध पहुंच) विनियम, 2008 जारी किया जिसमें अन्तरराज्यिक प्रणाली में मध्यकालिक निर्बाध पहुंच एवं अल्पकालिक पहुंच, दीर्घकालिक पहुंच को सरल बनाया है।

2018–19 की अवधि के दौरान आयोग ने अन्तरराज्यिक पारेषण प्रणाली में निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए कई याचिकाओं का निपटान किया।

(1) **याचिका सं. 92/एमपी/2015 में 8.3.2019 का आदेश:** सीटीयू ने याचिका दाखिल की जिसमें याचिका सं. 92/एमपी/2014 और संबद्ध याचिकाओं में 16.2.2015 के आदेश के माध्यम से आयोग द्वारा पारित निर्देशों के कार्यान्वयन से उदभूत कठिनाइयों को रेखांकित किया गया और कुछ एक स्पष्टीकण की मांग की गई जिनमें आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण में संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच एवं मध्यकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करना और संबद्ध मामले) विनियम, 2009 के विनियम 18 के अनुसार प्रभारों के अधित्याग और उदग्रहण को अवधारण के लिए याचिकाकर्ता को निर्देश दिए। याचिका सं. 92/एमपी/2015 में आदेश में आयोग ने निम्नलिखित को पाया:

क्र. सं.	एलटीए ग्राहक के प्रकार	उपचार	अधित्याग प्रभार
1.	एलटीए ग्राहक जिसे पता लगाई गई प्रणाली के साथ एलटीए प्रदान किया गया।	स्ट्रेंडिड क्षमता चयनित वृद्धि के लिए अवधारित की जाए।	(एक वर्षीय *पारेषण प्रभार स्टेण्डर्ड क्षमता *12*66%)
2.	एलटीए ग्राहक जिन्हें कुछ अन्य एलटीए ग्राहक के लिए नि पादन के अधीन पहले चुनिंदा प्रणाली के साथ एलटीए प्रदान किया गया।	स्ट्रेंडिड क्षमता चयनित वृद्धि के लिए अवधारित की जाए।	एक वर्ष नोटिस अवधि प्रभार *66%)
3.	मौजूदा प्रणाली पर प्रदान किया गया एलओए	स्ट्रेंडिड क्षमता अलग से चयन नहीं किया जाएगा। चूंकि इसे समूचे आईएसटीएस पर एलटीए प्रदान किया गया।	एलटीए अधित्याग *तिमाही के लिए अखिल भारतीय अधिकतम पीओसी दर जिसमें अधित्याग घटित हुआ।
4.	लक्षित क्षेत्र का परिवर्तन		कोई प्रभार नहीं यदि अधित्याग की तारीख वही है जैसा कि परिवर्तित क्षेत्र में एलटीए के शुरूआत की तारीख थी। यदि एलटीए जून, 2015 से अधित्याग है और नए क्षेत्र में एलटीए दिसंबर, 2015 से प्रभावी है तो जून, 2015 से नवंबर 2015 के लिए उक्त पद्धति के अनुसार अधित्याग प्रभार है।

(क) यदि दूसरा ग्राहक है जो लाइन में है या उक्त एलटीए ग्राहकों द्वारा क्षमता अधित्याग पर एलटीए प्रदान किया गया था तो अधित्याग प्रभार उस अवधि के लिए संगणित किया जाएगा जिसके लिए नए ग्राहक ने पुराने ग्राहक की क्षमता का अधिग्रहण नहीं किया है।

(ख) चयनित वृद्धि सहित एलटीए ग्राहकों के लिए स्ट्रेंडिड क्षमता की संगणना की पद्धति।

(ग) 12 वर्षों के लिए नेटवर्क शर्तों की कोई आवश्यकता नहीं चूंकि अधित्याग प्रभार उस वर्ष के लिए अवधारित किया जाएगा जिसमें अधित्याग घटित होता है और 66 प्रतिशत एमटीओए/एसटीओए इत्यादि के अधीन परिवर्ती उपयोग होता है।

(घ) परित्याग की गई परियोजनाएं उक्त संगणना के अनुसार अधित्याग प्रभारों से उदगृहीत की जाएगी। ।

(ङ) विद्युत मंत्रालय का पुनः आवंटन स्ट्रेंडिंग क्षमता के रूप में नहीं माना जाएगा।

(च) सहायक उपभोग या ओवरलोड के कारण अधित्याग पर अधित्याग प्रभार नहीं होगा।

(छ) एलटीए ग्राहकों द्वारा अदा किया गया अधित्याग प्रभार उस वर्ष में अन्य दीर्घकालिक और मध्यकालिक ग्राहकों द्वारा प्रतिदेय पारेषण प्रभारों को कम करने के लिए प्रयुक्त होगा जिसमें इस प्रकार की क्षतिपूर्ति इस प्रकार के दीर्घकालिक ग्राहकों और मध्यकालिक ग्राहकों द्वारा उस वर्ष के लिए प्रतिदेय पारेषण प्रभारों के अनुपात में देय है। इस प्रकार वार्षिक पारेषण प्रभार उक्त विनियमों के अनुसार दीर्घकालिक ग्राहकों का अधित्याग करते हुए अधित्याग के लिए प्राप्त वास्तविक प्रभारों द्वारा कम हो जाएगा। सीटीयू को अलग खाते में अधित्याग के लिए और उक्त निर्देशों के अनुसार उसका प्रयोग करने के लिए संग्रहीत प्रभारों को रखने का निर्देश दिया गया है। इस रकम पर उपचित कोई ब्याज इस खाते में क्रेडिट होगा।

(ज) सीटीयू अधित्याग प्रभारों को संगणित करेगा और आदेश के जारी होने के एक माह के अंदर अपनी वेबसाइट पर प्रस्तुत करेगा।

(झ) अधित्याग प्रभारों को सीटीयू द्वारा बिलों के जारी होने के 6 महीनों के अंदर अदा किया जाएगा।

(2) **याचिका सं. 142/एमपी/2017 में 4.4.2018 का आदेश** : एनएचपीटीएल ने याचिका दाखिल की जिसमें आरंभिक रूप से भार पर देय प्रभार के लिए पीजीसीआईएल के आईएसटीएस बिना उपकेन्द्र पर 400केवी बस और 765 केवी के साथ एनएचपीटीआईएल की प्रयोगशाला की संयोजकता की मांग की गई और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण में संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच एवं मध्यकालिक निर्बाध पहुंच प्रदान करना और संबद्ध मामले) (सातवां संशोधन) विनियम, 2009 (संयोजकता विनियम) के अधीन भार शर्तों पर और भार नं. के लिए संयोजकता करार के अनुमोदन के लिए एवं विद्युत उपकरण के शार्टसर्किट परीक्षण के लिए ऑनलाग किया। आयोग ने याचिका सं. 142/एमपी/2017 के आदेश में निम्नलिखित स्थिति पाईः

(क) याचिकाकर्ता ने आरंभिक रूप से भार नहीं पर देय प्रभार के लिए पीजीसीआईएल के आईएसटीएस बिना उपकेन्द्र पर 400 केवी बस और 765 केवी एनएसपीटीएल की प्रयोगशाली की संयोजकता की मांग के लिए आयोग से संपर्क किया और केविविआ संयोजकता विनियम

2009 के अधीन आनलोड शर्तो और नो लोड के लिए संयोजकता करार के अनुमोदन के लिए विद्युत उपकरण के शार्टसर्किट परिक्षण के लिए ऑनलोड किया।

(ख) याचिकाकर्ता ने प्रयोगशाला के ट्रायल परीक्षण/आरंभ करने के लिए प्रथम वाणिज्यिक परीक्षण के पूर्व ग्रिड से सहायता ली। यह प्रथम वाणिज्यिक परीक्षण से पूर्व अवधि के लिए 50 मेगावाट (विभवसनीयता प्रभार दर का 5 प्रतिशत x50 मेगावाट) के लिए विभवसनीयता प्रभारों के 5 प्रतिशत के उदग्रहण उचित होगा। यह प्रभार माह के भाग के लिए समानुपातिक और माह/5 प्रतिशत (विभवसनीयता प्रभार दर का 5 प्रतिशत x50 मेगावाट) की दर पर दिनांक 27.6.2016 से 30.6.2017 तक प्रतिदेय होंगे।

(3) **याचिका सं. 153/एमपी/2017 में 19.11.2018 का आदेश** : डीवीसी ने दामोदर वेली कार्पोरेशन के वितरण नेटवर्क और विद्युत पारेषण की व्हीलिंग और पारेषण के लिए निर्बाध पहुंच प्रभारों के अनुमोदन के लिए केविविआ (अंतरराज्यिक पारेषण में निर्बाध पहुंच) के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1)(डी) के अधीन मौजूदा याचिका दाखिल की। आयोग ने याचिका सं. 153/एमपी/2017 में आदेश में निम्नलिखित का पालन किया:

(क) याचिकाकर्ता द्वारा उल्लिखित कुल अंतरण क्षमता गतिशील है और समय समय से भिन्न होती है। इसके अलावा ''क्षमता'' प्रणाली स्थितियों में समय से हमेशा बदलती रहती है। तदनुसार आयोग को विभवसनीय मीटरिंग के रूप में टीटीसी विचार के लिए प्रवृत्त नहीं था।

(ख) पीओसी संगणना के लिए एनएलडीसी द्वारा प्रस्तुत डाटा के अवलोकन पर यह पता चलता है कि 2017–18 और 2018–19 वर्षों के दौरान डीवीसी से अनुमोदित अंतःक्षेपण/निकासी क्रमशः 450 और 500 मेगावाट थी और उसे डीवीसी कमाण्ड एरिया के बाहर विद्युत के विक्रय के लिए डीवीसी के समाहित उत्पादन से एलटीए के रूप में विचार किया। यह अनुमान किया गया कि एलटीए डीवीसी का समाहित उत्पादन है और उत्पादन से नहीं है जो सीटीयू नेटवर्क से संबद्ध है।

(ग) गुजरात विद्युत विनियामक आयोग सहित मध्यप्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग, तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग जैसे विभिन्न विद्युत विनियामक आयोगों द्वारा अपनाए गए पारेषण/व्हीलिंग प्रभारों की संगणना की पद्धतियों के अवलोकन के बाद आयोग इस निकर्ष पर पहुंचा कि इन राज्य विद्युत विनियामक आयोगों ने उनकी निर्बाध पहुंच प्रभारों की संगणना के लिए कंट्रेक्ट क्षमता पर विचार किया है। उक्त को ध्यान में रखते हुए आयोग का यह विचार है कि इन राज्यों द्वारा अपनाई गई पद्धति मौजूदा परिदृश्य के अनुकूल है और इस याचिका में निर्बाध पहुंच प्रभारों के अवधारण के लिए जीईआरसी विनियमों पद्धति को अपनाया है।

(घ) कंट्रेक्ट की गई मांग जिसे डीवीसी टीएण्डडी प्रणाली द्वारा प्रदान किया जा रहा है वह टीएण्डडी प्रणाली में इसका प्रयोग करते हुए डीवीसी नियंत्रण एरिया के बाहर हिताधिकारियों के लिए एलटीए और एमटीओए प्रयोक्ताओं द्वारा कंट्रेक्ट क्षमताओं, और अपनी कंट्रेक्ट मांग के समतुल्य है। वित्तीय वर्ष 2017–2018 और 2018–19 के लिए कुल कंट्रेक्ट क्षमता क्रमशः

4074 मेगावाट 4169 मेगावाट होगी और दीर्घकालिक/मध्यकालिक एवं अल्पकालिक दर के लिए पारेषण/व्हीलिंग प्रभार निम्नानुसार संगणित किए गए हैं:

क्र.सं.	विवरण	फॉर्मूला	वित्तीय वर्ष 2017–2018	वित्तीय वर्ष 2018–2019
क.	निजी अनुबंधित मांग (एमवीए)	-	3658.82	3705.42
ख.	0.97 (मेगावाट) पावर फैक्टर को विचार करते हुए निजी अनुबंधित मांग	=क*0.97	3549	3594
ग.	एमटीओए अनुबंधित क्षमता (मेगावाट)	-	75	75
घ.	एलटीए बिक्री (मेगावाट)	-	450	500
ङ.	डीवीसी की कुल अनुबंधित क्षमता (मेगावाट)	=(ख+ग+घ)	4074	4169
च.	2013–14 के दौरान (रु. लाख) वार्षिक पारेषण प्रभार (ट्रूअड अप)	-	52479.37	52479.37
छ.	अनुमोदित दीर्घ/मध्य अवधि दर (रु. लाख/मेगावाट/माह)	(च/ङ)/12	1.073	1.049
ज	अनुमोदित अल्प–अवधि दर (पैसा/किलोवाटघण्टा)	=(च/ङ)*10000/ (365*24)	14.7	14.37

(ङ) उक्त सारणी के अनुसार, डीवीसी नेटवर्क के माध्यम से विद्युत की मांग करने वाले निर्बाध पहुंच ग्राहकों को अनुमोदित दरों पर निर्बाध पहुंच प्रभारों/पारेषण और व्हीलिंग प्रभारों का भुगतान करना होगा। चूंकि, याचिकाकर्ता की पारेषण प्रणाली के वित्तीय वर्ष 2017–2018 और 2018–19 के लिए वार्षिक पारेषण प्रभार अभी तक निर्धारित नहीं किए हैं, अतः प्रभारों को 2013–14 के लिए अनुमोदित एआरआर के अनुसार संगणित किया गया है। तथापि, यह प्रभार पुनरीक्षण के अध्याधीन हैं जब कभी वर्ष 2014–19 के लिए टैरिफ आयोग द्वारा अवधारित किया जाता है।

(4) आयोग द्वारा वर्ष 2018–19 के दौरान निर्बाध पहुंच में प्रवर्तन के लिए निर्बाध पहुंच और संयोजकता से संबंधित कुछ याचिकाओं का निपटान किया गया जिनमें शामिल याचिका सं. 59/एमपी/2019, 35/एमपी/2018, 53/एमपी/2019, 166/एमपी/2018, 6/एमपी/2019, 18/एमपी/2018, 231/एमपी/2018, 252/एमपी/2018, 274/एमपी/2018, 30/एमपी/2018, 9/आरपी/2018, 146/एमपी/2018 और 196/एमपी/2016 हैं।

आईएसटीएस पारेषण प्रभारों और हानियों की शेयरिंग

(1) **याचिका सं. 126/एमपी/2017 में 4.5.2018 का आदेश:** याचिकाकर्ता, हरियाणा डिस्कॉम ने इंदिरा गांधी सुपर थर्मल पावर स्टेशन (अरावली पावर स्टेशन) से हरियाणाा विद्युत प्रसारण निगम लि. द्वारा प्रचालित और

रखी गई निजी दौलताबाद में 400केवी डी/सी पारेषण लाइन की स्थिति के संबंध में घोषणा और निर्देश के लिए मौजूदा याचिका दाखिल की थी। आयोग ने दिनांक 11.4.2017 के आदेश के माध्यम से अन्य बातों के साथ–साथ यह पाया कि:

(क) 400 केवी पारेषण लाइन आईजीएसपीटीएस – दौलताबाद पारेषण लाइनों को सीटीयू एवं पोसोको तथा शेयरिंग विनियमों के क्षेत्राधिकार की संभावना से बाहर होना चाहिए। अंतःराज्यिक पारेषण लाइन होने के नाते पारेषण लाइन पीओसी तंत्र के अधीन पारेषण प्रभारों और हानियों की शेयरिंग के अध्याधीन नहीं होगी। इस मामले में, आरएलडीसी, आईजीएस टीपीएस, आईएसटीएस प्रभारों से विद्युत के अनुसूचीकरण को करना जारी रखेगी और हानियां हरियाणा राज्य नेटवर्क पर अनुसूचियों के लिए लागू नहीं होगा। पोसोको और सीटीयू को आईजीएसटीएस में हरियाणा के हिस्से के अनुरूप एलटीए क्षमता को शामिल नहीं करने का निर्देश दिया, जो पीओसी प्रभारों और हानियों की गणना करता है।

(ख) आईएसटीएस प्रभारों और हानियों के भुगतान से उनको छूट देने वाले याचिकाकर्ता को राहत प्रदान की जा रही है।

(2) **याचिका सं. 261/एमपी/2017 में 6.11.2018 का आदेशः** याचिकाकर्ता, एनटीपीसी लि. (कुडुगी उत्पादन केन्द्र) 2400 मेगावाट (3 x 800) कोयला आधारित पावर स्टेशन विकसित कर रहा है, उसने एलटीए प्रभारों के लिए केन्द्रीय पारेषण प्रयोज्यता (पीजीसीआईएल) के 06.11.2017 के बिल को रदद करने की मांग करते हुए मौजूदा याचिका दाखिल की। निम्नलिखित पारेषण प्रणाली को कुडुगी उत्पादन केन्द्र से विद्युत के लिए चुना गया।

(i) 2 नं. 400केवी डी/सी पारेषण लाइन कुडुगी टीपीएस–नरेन्द्रा (न्यू)

(ii) 765 केवी डी/सी पारेषण लाइन नरेन्द्रा (न्यू)–मधुगिरी

(iii) 765 केवी डी/सी पारेषण लाइन मधुगिरी–बेंगलौर

(क) केविविआ (अंतरराज्यिक पारेषण प्रभारों की हानियों और शेयरिंग) विनियम, 2010 के अधीन दीर्घकालिक पहुंच के प्रभारों के भुगतान की देयता उनके द्वारा दाखिल करारों को ध्यान में रखते हुए हिताधिकारियों की होगी।

(ख) एलटीए को उत्पादक के वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख के ध्यान में न रखते हुए पारेषण प्रणाली की वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख की घोषणा की तारीख से प्रचालनीकृत करने की आवश्यकता है।

(ग) आयोग द्वारा यथानिर्धारित या अपनाए गए संबंधित पारेषण प्रणाली के वार्षिक पारेषण प्रभार (अर्थात इस मामले में कुडुगी–नरेन्द्रा, नरेन्द्रा–मुधगिरी और मधुगिरी बिडाडी और संबंधित बेज/उपकेन्द्र) के वार्षिक पारेषण प्रभारों पर वाणिज्यिक प्रचालन के अधीन घोषित यूनिटों के तदनुरूपी पीओसी तंत्र में विचार किया जाएगा और शेष पारेषण प्रभारों की वसूली वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख तक एनटीपीसी से वसूल की जाएगी।

(3) वर्ष 2018–19 के दौरान निर्बाध पहुंच के प्रवर्तन के लिए आयोग द्वारा निपटाई गई आईएसटीएस प्रभारों ⊠⊠ हानियों शेयरिंग से संबंधित कुछ याचिकाओं में याचिका सं. 126/एमपी/2017, 12/एसएम/2017, 94/एमपी/2017 आदि शामिल है।

पारेषण अनुज्ञप्ति

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 14 में यह व्यवस्था है कि उपयुक्त आयोग धारा 15 के

अधीन इस किए गए आवेदन पर किसी व्यक्ति को अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकता है (क) पारेषण अनुज्ञप्तिधारी के रूप में विद्युत के पारेषण के लिए या (ख) वितरण अनुज्ञप्तिधारी के रूप में विद्युत के संवितरण के लिए या (ग) विद्युत व्यापार के रूप में विद्युत में व्यापार के लिए। वर्ष 2018–19 के दौरान आयोग ने कुछ आदेशों के माध्यम से कई कंपनियों को अधिनियम की धारा 63 के अधीन ''पारेषण सेवा के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धात्मक बोली मार्गनिर्देश'' और ''पारेषण सेवा के लिए पारेषण परियोजनाओं और प्रतिस्पर्धात्मक बोली के विकास में प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने के लिए मार्ग निर्देश'' के अनुसार पारेषण परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए डब्ल्यूआर–एनआर पावर पारेषण लि. (119/टीएल/2018), फतेहगढ़–भादला पारेषण लि. (94/टीएल/2018), गोवा तमनार पारेषण परियोजना लि. (95/टीएल/2018), ईआरएसएस XXI पारेषण लि. (42/टीएल/2018) जैसी कई कंपनियों को पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान की।
